CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -72 | राजनांदगांव, रविवार 28 जनवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

पैसे बीमारी ठीक होने के
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

देश के युवाओं के सपने पूरे करेगा विकसित भारत- मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि विकसित भारत देश के युवाओं के सपनों को पूरा करेगा।

श्री मोदी ने शनिवार को यहां करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक राष्ट्रीय कैडेट कोर रैली को संबोधित करते हुए युवाओं के लिए सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित किया, और अगले 25 वर्षों में देश के भविष्य को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। प्रधान मंत्री ने घोषणा की, यह परिवर्तनकारी युग, आने वाले 25 वर्ष, न केवल एक विकसित भारत के निर्माण का गवाह बनेंगे, बल्कि मुख्य रूप से युवाओं को लाभ पहुंचाएंगे, मोदी को नहीं। इस युग के सबसे बड़े लाभार्थी आप जैसे युवा व्यक्ति हैं।

श्री मोदी ने इस मौके पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा और सर्वश्रेष्ठ कैडेट पुरस्कार प्रदान किये। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी रैली ÷एक दुनिया, एक परिवार, एक भविष्य की भावना को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में इस रैली में 10 देशों के कैडेट थे आज यह संख्या 24 हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा, एनसीसी कैडेटों के बीच उपस्थित होना एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार को उजागर करता है।÷ उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एनसीसी का दायरा लगातार बढ़ रहा है और आज का अवसर एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों के 400 से अधिक सरपंचों और देश भर के स्वयं सहायता समूहों की 100 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति का भी उल्लेख किया, जिन्हें सरकार वाइब्रेंट विलेजेज योजना के तहत विकसित कर रही है।

श्री मोदी ने कहा कि दुनिया आज भारत की बेटियों को हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित करते हुए देख रही है, चाहे वह भूमि, समुद्र, वायु या अंतरिक्ष हो। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाली महिला प्रतिभागियों के दृढ़ संकल्प पर प्रकाश डाला और कहा कि यह रातों रात सफलता का परिणाम नहीं है बल्कि पिछले 10 वर्षों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। पीएम मोदी ने रानी लक्ष्मी बाई, रानी चेन्नम्मा और रानी वेलु नचियार जैसे बहादुर योद्धाओं का उल्लेख करते हुए कहा, ÷ भारतीय परंपराओं में नारी को हमेशा शक्ति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

झट इस्तीफा, पट शपथ... बिहार में 'नई सरकार' का प्लान तैयार, नीतीश 9वीं बार बनेंगे बिहार के सीएम !

पटना/नई दिल्ली। बिहार की राजनीति के लिए रविवार का दिन 'सुपर संडे' साबित हो सकता है. बीजेपी ने रविवार को सुबह 9 बजे बैठक बुलाई है. वहीं, जेडीयू की रविवार सुबह 10 बजे विधानमंडल दल की बैठक होगी. सूत्रों के मुताबिक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को ही शाम 4 बजे 9वीं बार सीएम पद की शपथ ले सकते हैं. जेपी नड्डा नीतीश के नौंवे शपथ ग्रहण में शामिल हो सकते हैं.

उधर, शनिवार का दिन भी बिहार में राजनीतिक गहमागहमी में बीता. शनिवार को आरजेडी और बीजेपी की बड़ी बैठक हुई. लालू के आवास पर हुई बैठक में जहां तेजस्वी ने कहा कि बिहार में अभी खेल होना बाकी है. वहीं, बीजेपी की बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने अपने सभी विधायकों को सोमवार शाम तक बिहार में रहने के लिए कहा है. उधर, बिहार सचिवालय की छुट्टी रद्द कर दी गई है, यानि रविवार को सचिवालय खुला रहेगा.

राजद में फैसला लेने के लिए लालू अधिकृत

बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में कोई भी निर्णय लेने के लिए पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को अधिकृत किया गया है।

राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि पार्टी के विधायकों, मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से लालू प्रसाद यादव को बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने हाथ उठाकर राज्य में अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य में निर्णय लेने के लिए श्री यादव को अधिकृत किया।

श्री झा ने कहा, बैठक के दौरान राष्ट्रीय महत्व और बिहार से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में अब तक महागठबंधन सरकार काम कर रही है।

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर बुलाई गई राजद विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने महागठबंधन सरकार में पार्टी कोटे के सभी विधायकों और मंत्रियों से सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जागरूक करने को कहा। बैठक में सभी विधायकों ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के निर्णय का पालन करेंगे। इस बीच राजद सुप्रीमो श्री यादव ने पार्टी के सभी विधायकों को अगले कुछ दिनों तक पटना में मौजूद रहने को कहा है। साथ ही उन्होंने सभी से एकजुट रहने को कहा।

बता दें कि 28 जनवरी यानी रविवार की सुबह 10 बजे जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक है. उसके बाद सीएम हाउस में ही एनडीए विधानमंडल दल की बैठक होगी. बैठक के बाद दोपहर 12 बजे राज्यपाल से मुलाक़ात कर नीतीश अपना इस्तीफ़ा सौपेंगे. साथ ही एनडीए विधायकों के समर्थन वाला लेटर देंगे. फिर 4 बजे शपथ ग्रहण होगा. नीतीश कुमार ने पहली बार- 3 मार्च 2000, दूसरी बार- 24 नवंबर 2005, तीसरी बार- 26 नवंबर 2010, चौथी बार- 22 फरवरी 2015, पांचवी बार 20 नवंबर 2015, छठी बार- 27 जुलाई 2017, सातवीं बार- 16 नवंबर 2020, आठवीं बार- 9 अगस्त 2022 को सीएम पद की शपथ ली थी।

कई चीजें नीतीश कुमार के नियंत्रण में नहीं, आरजेडी की बैठक में बोले तेजस्वी

पटना। बिहार की राजनीति में भूचाल मचा हुआ है। नीतीश कुमार के सत्तारूढ़ गठबंधन को छोड़कर भाजपा में जाने की अटकले हैं। इस बीच शनिवार को राजद विधायक दल की बैठक हुई। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा कि तेजस्वी यादव ने पार्टी नेताओं से कहा कि सीएम नीतीश कुमार आदरणाय थे और हैं। उन्होंने यह बयान तब दिया है। जब राजद-जदयू महागठबंधन सरकार को नीतीश कुमार की बीजेपी के साथ शामिल होने के कारण गिरने का खतरा है। तेजस्वी यादव ने एएनआई के सूत्रों के हवाले से कहा कि कई चीजें नीतीश कुमार के नियंत्रण में नहीं है। महागठबंधन में राजद के सहयोगी पार्टियों ने मुख्यमंत्री का सम्मान किया।

नीतीश कुमार बहुत व्यस्त है, कांग्रेस अध्यक्ष ने संपर्क करने की कोशिश की, बिहार के सियासी हालत पर बोले जयराम रमेश

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम नरेश ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कई बार बत करने की कोशिश की, लेकिन सीएम कुमार बहुत व्यस्त हैं। इसलिए उनके बीच बातचीत नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि जेडीयू के इंडी गठबंधन से बाहर निकलने के बारे में जानकारी नहीं है। उनके मन में क्या है यह स्पष्ट नहीं है। हमारा प्रयास सभी को एकजुट करना है। जयराम ने कहा, मैंने ममता बनर्जी, लालू यादव और सीताराम येचुरी से बात की है। यदि हम एकजुट होते हैं तो अच्छी लड़ाई लड़ेंगे। विपक्षी गठबंधन सफल होगा।

जयराम नरेश ने कहा कि हमें प्रदेश स्तर पर समस्याएं हो सकती है। यह गठबंधन एक साथ रखा गया है। इस गठबंधन के वास्तुकारों में से एक बिहार के सीएम है। उन्होंने कहा, %गठबंधन के सह-आर्किटेक्टों में से एक ममता बनर्जी है। इसलिए वे जानते हैं कि यह राष्ट्रीय गठबंधन है। यह ऐसा गठबंधन नहीं है जिसमें स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय मुद्दों पर प्राथमिकता दी जाएगी। राष्ट्रीय मुद्दों पर प्राथमिकता मिलेगी।

कांग्रेस नेता ने कहा, उन्होंने (ममता बनर्जी) हमेशा यह कहकर बात खत्म की है। उनकी प्राथमिकता मोदी सरकार को हराना है और इंडी गठबंधन के लिए प्राथमिकता है। जयराम नरेश ने आगे कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं रविवार से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करें। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उनकी उपस्थिति हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी।

ASHISH
ANNEX
साड़ियां
शेरवानी
कोर्ट,शूट
लाचा
किड्स
वियर
KAMPTHI LINE,RAJNANDGAON (C.G.)

हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक: प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव पर बन रही रणनीति

रायपुर । छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और स्क्रीनिंग कमेटी अध्यक्ष रजनी पाटिल की मौजूदगी में आज शनिवार को कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शंकर नगर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में चल रही है। बैठक लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयारी की जा रही है। इसी मुद्दे पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चर्चा की जा रही है। वहीं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रदेश भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर भी मंथन किया जाएगा। बैठक में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम समेत कई दिग्गज नेता मौजूद हैं।

नए और पुराने चेहरों पर दांव खेलगी कांग्रेस

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कहा था कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी नए और पुराने चेहरों पर को मौका दे सकती है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि इस पर फैसला केंद्रीय चुनाव समिति यानी सीईसी लेगी।

अलका लांबा का दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा पर आज से

दूसरी ओर नवनिर्वाचित महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा 28 और 29 जनवरी को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अलका का पहला छत्तीसगढ़ प्रवास है। प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने बताया कि कल सुबह 9 बजे एयरपोर्ट में महिला कांग्रेस की ओर से उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसे लेकर महिला कांग्रेस पदाधिकारी काफी उत्साह है। सुबह 11 बजे राजीव भवन में स्वागत वंदन अभिनंदन किया जाएगा। उसके बाद वो दोपहर 12 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस लेगी। दोपहर 1 बजे प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक होगी। इसमें महिला कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। 29 जनवरी को धमतरी में महिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बड़ी जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उन्हें बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा और अन्य पार्टी गतिविधियों के समन्वय के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस संबंध में पार्टी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेगुगोपाल ने आदेश जारी कर दिए हैं।

अयोध्या के लिए चलेगी 6 आस्था स्पेशल ट्रेन, 31 जनवरी को छूटेगी पहली गाड़ी

रायपुर। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। अब रामलला के दर्शन करने के लिए हर राज्यों से लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा के घोषणा पत्र में किए वादे के मुताबिक रामलला दर्शन के लिए प्रदेश से भी अयोध्या के लिए ट्रेनें चलेंगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अयोध्या के लिए 6 आस्था स्पेशल ट्रेन चलाएगी। 31 जनवरी को पहली ट्रेन गोंदिया से रवाना होगी। गोंदिया के अलावा रायपुर, दुर्ग और अनूपपुर रेलवे स्टेशन से भी ट्रेनें चलेंगी। यात्रियों को 18 फरवरी को बिलासपुर से इस ट्रेन की सुविधा मिलेगी। 7 और 28 फरवरी को 08201 नंबर के साथ आस्था स्पेशल ट्रेन दुर्ग से रवाना होगी। राज्य सरकार की ओर ये ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

इस ट्रेन की टिकट और कैटरिंग की जिम्मेदारी आईआरसीटीसी संभाल रही है। आने-जाने दोनों तरफ से टिकट की बुकिंग की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो।

गोंदिया से 31 जनवरी और 25 फरवरी को यह ट्रेन रवाना होगी, जो गोंदिया से 10:05 बजे छूटकर 11:01 बजे डोंगरगढ़, 11:25 बजे राजनांदगांव, 12:10 बजे दुर्ग, 13:00 बजे रायपुर, भाटापारा 15:25 बजे, उसलापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, इस ट्रेन का पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी और प्रयागराज जैसे प्रमुख स्टेशनों में ठहराव दिया गया है। यह ट्रेन 10:25 बजे अयोध्या पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दो फरवरी और 27 फरवरी को अयोध्याधाम से छूटेगी।

0 7 और 28 फरवरी को दुर्ग से छूटेगी

7 और 28 फरवरी को 08201 नंबर के साथ आस्था स्पेशल ट्रेन दुर्ग से रवाना होगी। यह ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन से 12:20 बजे छूटकर 15:25 बजे उसलापुर, 16:48 बजे पेंड्रारोड, 17:35 अनूपपुर और शहडोल, उमरिया समेत कुछ और प्रमुख रेलवे स्टेशनों में ठहरते हुए 10:35 बजे अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 9 फरवरी और 1 मार्च को अयोध्या से दुर्ग के लिए रवाना होगी।

0 14 फरवरी को राजधानी रायपुर से चलेगी

आस्था स्पेशल ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन से 08203 नंबर के साथ 13:00 बजे रवाना होगी, और 15:25 बजे उसलापुर, 16:48 बजे पेंड्रारोड, 8:59 बजे सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन होते हुए 10:35 बजे अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में 16 फरवरी को अयोध्या से रायपुर के लिए रवाना होगी।

0 बिलासपुर से 18 फरवरी को छूटेगी ट्रेन

आस्था स्पेशल ट्रेन स्टेशन से 08207 नंबर के साथ 15:05 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी, जो 15:25 बजे उसलापुर, 16:48 बजे पेंड्रारोड, 17:35 बजे अनूपपुर रेलवे स्टेशन के बाद अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 10:35 बजे अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। 20 फरवरी को ट्रेन अयोध्याधाम से बिलासपुर के लिए रवाना होगी।

0 21 फरवरी को अनूपपुर से चलेगी आस्था स्पेशल ट्रेन

अनूपपुर रेलवे स्टेशन से 08211 नंबर के साथ एक और आस्था स्पेशल ट्रेन 17:40 बजे निकलेगी, जो 18:20 बजे शहडोल, 19:42 बजे उमरिया और सुल्तानपुर होते हुए 10:35 बजे अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में अयोध्यायधाम से यह ट्रेन 23 फरवरी को छूटेगी।

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्पेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड
आई.सी.आई.सी. आई. बैंक के सामने राज.

RKC GROUP OF INSTITUTIONS
(Under the Aegis of Lal Chandra Bahadur Educational Society)

FOUNDER'S DAY
Celebration
In Fond Memory of
Dr. Jayant Bahadur Singh
Khairagarh Royal Family

UNVEILING
Ceremony
of our beloved
Rajkumar Shankar Bahadur Singh
Khairagarh Royal Family

to be held on
28th January 2024
at 9:00 AM

9:00 AM UNVEILING CEREMONY
9:30 AM BOOK RELEASE.
Dr. JB SINGH SIR-A BIOGRAPHY
10:00 AM SUNDERKAND PAATH / AARTI

अंधेरो में आप एक जलती मशाल थे,
आप त्याग की एक मिसाल थे ।
सारी खुशियाँ दूसरों के हिस्से, आप
मुश्किलों के वक्त हमारी ढाल थे।

THE PROGRAMME WILL BE GRACED BY
OUR HONOUR
SMT. ANNAPURNA DEVI SINGH (Maa Ji)

जो भूले न भुला सके प्यार ।
वो हैं हमारे पापाजी का प्यार ।।
दिल में जिसके हम सब हैं ।
वो हैं हमारे पापाजी का संसार ।।

RSVP: Royal Kids' Family
ROYAL KIDS' CONVENT (CISCE & CG Board)
DR JB SINGH MEMORIAL SENIOR SECONDARY SCHOOL (CBSE Board)
ROYAL COLLEGE (B.Ed., B.Sc., B.Com.)
ROYAL KIDS' CONVENT, CHHURIYA (CISCE Board

ADMISSIONS OPEN 2024-25
(Nursery - Class XII)

SPECIAL DISCOUNT OFFER

1) Nursery - Rs. 11,000/- Only.
2) ICSE Board - 40% discount on Total Fee.
3) CBSE Board- 30% discount on Total Fee.
4) CG Board- 20% discount on Total Fee.
5) Scholarship upto 75% for Meritorious Students for taking admission in class XI for all three boards.

CMYK

पहला कॉलम...

आज शहर में व्यापारी सम्मेलन : मौजूद रहेंगे सुनील सिंघी

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के बैनर पर कल 28 जनवरी को संध्या सात बजे से होटल राज इस्पीरियल में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

चेम्बर के प्रदेश मंत्री राजा माखीजा एवं चेम्बर के जिलाध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। अध्यक्षता सुनील सिंघी (चेयरमेन राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड) करेंगे। विशेष अतिथि सांसद संतोष पाण्डे, महापोर हेमा देशमुख, विशेषज्ञ शोधकर्ता रमेश परतानी होंगे। विशेष रूप से अमर परवानी (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आच चेम्बर) व अजय मसीन (महामंत्री, प्रदेश चेम्बर) उत्तम गोलछा (कोषाध्यक्ष),केट के जिला अध्यक्ष राजू डागा मौजूद रहेंगे। चेम्बर के सभी प्रतिनिधि पहले डोंगरगढ़ जाकर मां बम्लेश्वरी का दर्शन करेंगे फिर राज इम्पीरियल होटल में व्यापारी सम्मेलन में शामिल होंगे।

आज रॉयल किड्स कान्वेंट में स्थापना दिवस

राजनांदगांव (दावा)। प्रगति की राह में अग्रणी रॉयल किड्स कान्वेंट में आज 28 जनवरी को शाला की स्थापना दिवस का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार हमारे संस्थापक डॉ. जयंत बहादुर सिंह के जन्मोत्सव पर किया जाता है। इसी अवसर पर परम आदरणीय राजकुमार शंकर बहादुर सिंह पापा जी की मूर्ति का अनावरण श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के करकमलों द्वारा होने जा रहा है। शाला प्रबंधन द्वारा बताया गया कि शाला में प्रवेश प्रारंभ है इसी कड़ी में हर वर्ष की भांति फाउंडर्स डे के शुभ अवसर पर यदि पालक अपने बच्चे का एडमिशन करवाते हैं, तो पालक को शुल्क में विशेष छूट का प्रावधान रखा गया है। यह विशेष छूट नये बच्चों के लिए है।

आज मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयुर्वेद पद्धति से इलाज

डोंगरगढ़ (दावा)। हरियाणा के निवासी डॉ मनोज सिंह (बीएएमएस) दिनांक 28 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 11.00 से 5.00 बजे नीचे मंदिर धर्मशाला स्टोर के ऊपर हाल में समस्त रोगों का ईलाज आयुर्वेद पद्धति से करेंगे। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने आमजनों से उक्त सेवाओं का लाभ उठाने अपील किया गया है।

आज राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह मिलन हल्दी कुमकुम कार्यक्रम

महाराष्ट्रीयन तेली समाज ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्टेशन पर स्थित सामाजिक भवन परिसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री गणेश राव बिसने के द्वारा सर्वप्रथम समाज के संत संता जी जगनाडे महाराज की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात समाज की महिला मंडल द्वारा भाषण व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए।

समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत व महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले ने आगे बताया कि समाज का राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह मिलन व हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आज आयोजित है जिसमे छत्तीसगढ़ के सभी समाजिक सदस्य आयोजन में शामिल होंगे व समाज द्वारा बच्चों के खेलकूद, प्रतियोगिता, नृत्य व महिला मंडल द्वारा राम जी पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी। उक्त जानकरी समाज के युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश (पिन्टू) समरीत ने दी।

पेंशनर्स एसोसिएशन भवन में झण्डा फहराया गया

राजनांदगांव(दावा)। गणतंत्र दिवस के दिन प्रातः 8 बजे पेंशनर्स भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। डी.एन. साहू प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन भवन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उक्त अवसर पर जिला महासचिव जी.आर. देवांगन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष एस.के. सिंह, जिला कोषाध्यक्ष गैंदलाल देवांगन, महिला उपाध्यक्ष पुष्पा सांवरकर एवं श्रीमती हसीना बेगम खान, नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे एवं बड़ी संख्या पेंशनर उपस्थित थे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्गान गीत के पश्चात झण्डा सलामी दी गई। उक्त गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष के साथ ही अन्य वक्ताओं ने अपने विचार एवं उदगार व्यक्त किये। यह जानकारी नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे द्वारा दी गई।

कल से महंत राजा सर्वेश्वरदास अभा हॉकी प्रति. : देश की नामी टीमें लेंगी हिस्सा

राजनांदगांव (दावा)। हॉकी की नर्सरी कहीं जाने वाली संस्कारधानी नगरी में कल 29 जनवरी से महंत राजा सर्वेश्वरदास अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्पर्धा का आयोजन होने जा रहा है। शहर में नौ दिनों तक हॉकी खेल का जलवा बिखरे रहेगा। स्टेडियम समिति द्वारा इसकी भव्य तैयारी कर ली गई हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, कुतुबुद्दीन सोलंकी रमेश डाकलिया प्रकाश सांखला नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, रणविजय सिंह गणेश प्रसाद गन्नू आदि की उपस्थिति में ली गई प्रेस वार्ता में बताया गया कि देश की बहुप्रतिष्ठित व सबसे पुरानी हॉकी प्रतियोगिताओं में से एक महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता आगामी 29 जनवरी से 07 फरवरी तक अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मे खेली जायेगी। प्रतियोगिता में देश की ख्यातिनाम 24 टीमों के मध्य नॉक आउट कम लीग आधार पर मैच खेले जायेंगें। प्रतियोगिता की विजेता टीम को विशाल रजत कप व 5 लाख रूपये नगद एवं उप विजेता टीम को रजत कप व साढ़े 3 लाख रूपये नगद के अलावा प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच व अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किये जायेंगें। बताया गया कि स्टेडियम समिति द्वारा आयोजित महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का यह 80 वॉं वर्ष है। विश्व हॉकी मानचित्र पर देश की बहुप्रतिष्ठित यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक अपने 79 वर्ष पूर्ण कर चुकी है। सन् 1941 से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता को देश व एशियाई मुल्कों में अच्छी पहचान मिली है।

राजनांदगॉव की हॉकी का सफर ओलंपिक तक

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के सुपुत्र प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद अपने टीम के साथ हॉकी का जौहर दिखाने आ रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि हॉकी नर्सरी के एयरमेन वेस्टियन ने रोम ओलंपिक 1960 में भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया था, वहीं 2016 में आयोजित रियो ओलंपिक में हॉकी नर्सरी की बेटी कु. रेणुका यादव ने भी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर इस हॉकी नर्सरी, छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं देश को गौरवान्वित किया। इसके अलावा भी इस हॉकी नर्सरी की अनेक प्रतिभाओं ने भी पुरूष व महिला वर्ग की राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय वर्ग के हॉकी प्रतियोगिताओं में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए नगर व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

डॉ. रमन सिंह ने दी हॉकी एस्ट्रोटर्फ की सौगात

बता दें कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के खेलो के प्रति रूझान और राजनांदगॉव के हॉकी प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए हॉकी नर्सरी में छत्तीसगढ़ का पहला अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम की सौगात दी है और आस्ट्रेलिया व भारत की टीम के मध्य हॉकी मैच का प्रदर्शन कराकर इस शहर को विश्व के हॉकी मानचित्र में स्थापित भी कराया। जिससे यह शहर गौरवान्वित हुआ।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि इस वर्ष आयोजित होने वाली महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कलेक्टर व स्टेडियम समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं पूर्व सांसद व पूर्व महौपार मधुसूदन यादव, रमेश पटेल पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास की उपस्थिति में आयोजित बैठक में एवं सभी जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों व मीडिया जगत ने इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिये हर संभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर सभी ने देश की इस बहुप्रतिष्ठित हॉकी प्रतियोगिता को संस्कारधानी की गौरवमयी परम्परा के अनुरूप दिनांक 29 जनवरी से 07 फरवरी 2024 तक आयोजित करने का निर्णय लिया।

बताया गया है कि इस वर्ष आयोजित होने वाली स्पर्धा का उद्घाटन 29 जनवरी को एवं समापन व फाइनल मैच 7 फरवरी को आयोजित होगा। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों के द्वारा लगातार व्यापक तैयारी की जा रही है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ शासन से स्वेच्छानुदान की राशि, खेल एवं युवा कल्याण विभाग छ.ग.शासन एवं राजगामी संपदा न्यास, राजनांदगॉव, बल्देव सिंह भाटिया व बहादुर अली के अलावा राजेश जैन, नरेश डाकलिया, अनूप श्रीवास्तव व मनीष गौतम व अन्य सहयोगियों से भी पत्र व्यवहार किया गया है। इस प्रतियोगिता के आयोजन मे हॉकी इंडिया, हॉकी छत्तीसगढ व जिला हॉकी संघ की भूमिका भी उल्लेखनीय है।

बता दें कि देश की बहुप्रतिष्ठित हॉकी प्रतियोगिताओं में से अग्रणी स्थान रखने वाली हॉकी नर्सरी की इस प्रतियोगिता को पूर्व गरिमा के अनुरूप ही भव्यता प्रदान करने के लिये आयोजन समिति से जुड़े सभी सदस्य लगे हुए है। इस वर्ष देश की चुनिंदा टीम इस प्रतियोगिता मे हिस्सा लेंगी। जो इस प्रकार है- पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली, सेन्ट्रल रेल्वे मुम्बई, कस्टम पुणे, पंजाब एण्ड सिंध बैंक जालंधर, आर.सी.एफ कपूरथला, बंगाल इलेवन, एस.सी. सिकंदराबाद, आर्मी इलेवन दिल्ली, एयर फोर्स नई दिल्ली, गंगपुर हॉकी एसोसिएशन, एन.सी.ओ.ई. सोनीपत, जीएसटी चेन्नई, र्स्पोटस कॉलेज सैफई, सी.टी.सी. मुम्बई, नवल टाटा, पाम्पोस हॉस्टल, एन.सी.ओ.ई. लखनऊ, महाराष्ट्र हॉकी पूणे, सांई सुंदरगढ, एन.सी.आर. इलाहाबाद, एन.सी.ओ.ई. मणिपुर, सेल राऊलकेला, के अलावा मेजबान जिला हॉकी संघ की टीम इस प्रतियोगिता मे अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

हॉकी नर्सरी के प्रशंसकों की रूचि एवं उत्साह को देखते हुए आयोजन समिति ने इस वर्ष स्पर्धा को और मनोरंजक एवं लोकप्रिय बनाने की दृष्टि से नाकआउट कम लीग के आधार पर प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया है। पहले चरण में नॉक आउट व दूसरें चरण में लीग मैच खेले जायेंगे। जिसमे प्रत्येक पूल की सर्वाधिक अंक पाने वाली टीम के मध्य सेमीफाइनल मैच खेले जायेंगे और इसमें विजयी टीम के मध्य प्रतियोगिता का बहुप्रतिष्ठित फाइनल मैच 7 फरवरी को दोपहर में खेला जावेगा ।

नगद व आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित होंगी टीमें

दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की विजेता टीम को विशाल साढ़े पांच किलो का रजत कप एवं स्व. गुलाब सिंह भाटिया की स्मृति में पूर्व अध्यक्ष छ.ग. प्रदेश क्रिकेट संघ के बल्देव सिंह भाटिया द्वारा प्रदत्त 5.00 लाख रूपये नगद एवं उपविजेता टीम को रजत कप व स्व. अजीज अली की स्मृति में आईबी ग्रुप के एम.डी. बहादुर अली द्वारा 3.50 लाख रूपये नगद प्रदत्त, तृतीय पुरस्कार की राशि 51 हजार स्व. जीवन चंद डाकलिया की स्मृति में रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया द्वारा दिया जावेगा व प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच एवं मैंन ऑफ द टूर्नामेंट राजेश जैन सीए द्वारा प्रदत्त किया जायेगा व अन्य व्यक्तिगत आकर्षक पुरस्कारों से भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जावेगा।

ओलंपियन व कई अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी कर चुके हैं शिरकत

प्रतियोगिता में कई अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में शिरकत करते हुए इस खेल नगरी में अपने हॉकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए लोगों को आकर्षित किया है। जिनका खेल कौशल देखकर इस हॉकी नर्सरी के खिलाड़ियों ने भी अपने खेल प्रतिभा को बढ़ाने में आत्मसात किया। जिसके फलस्वरूप ही नगर के कई हॉकी खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नगर व प्रदेश को गौरवान्वित किया।

हॉकी के जादूगर ध्यानचन्द के सुपुत्र अशोक ध्यानचन्द अपने खेल का दिखाएगें जादुगरी

इस प्रतियोगिता में पिछले वर्षों में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के सुपुत्र अशोक ध्यानचंद, गोविंदा, अजीत पाल सिंह, रजिंदर पाल सिंह, डंगडूंग, माईकल किन्डों, थोयिबा सिंह, मीररंजन नेगी, मनोहर टोपनो, सुशील टोपनो, विवेक सिंह, गुनदीप कुमार, एस.बी. सुनील, हरमनप्रीत सिंह, बीरेन्द्र लकरा, वरूण कुमार, हरजीत सिंह, सुबोध खाण्डेकर, तुषार खाण्डेकर, सुजीत कुमार, दिपसन तिर्की, ललित उपाध्याय, विकास धहिया, मनदीप सिंह, गुरंजत सिंह, सुमित कुमार, नीलम, संदीप, सुरेन्द्र कुमार, मनप्रीत सिंह, एस.के. उथप्पा, कोथाजीत सिंह, तलविंदर सिंह, अरमान कुरैशी, अफ्फान युसूफ, गुरिंदर सिंह जैसे अनेक खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हो चुके हैं। इस वर्ष आयोजित प्रतियोगिता में भी देश की विभिन्न टीमों से भी कई राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ मे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैचों की शुरूवात करने वाली हॉकी नर्सरी राजनांदगॉव मे देश की बहुप्रतिष्ठित व सबसे पुरानी हॉकी प्रतियोगिताओं मे से एक महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय टीमों के अतिरिक्त एशियाई मुल्क की बाग्लादेश, पाकिस्तान व श्रीलंका की टीमों ने भी हिस्सा लेकर प्रतियोगिता के स्तर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। इन टीमों के मध्य सद्भावना मैच के तहत टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के सद्प्रयासों से इन टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर खेल जगत में एक अच्छा संदेश दिया था।

पुलिस विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

29 जनवरी को सुबह 11 बजे नई दिल्ली से होगा सीधा प्रसारण

राजनांदगांव (दावा)। शहर कोतवाली थाना मे प्रार्थी संतोष कुमार धुर्वे द्वारा थाना आकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने पर कि वर्ष 2017-18 में निकले पुलिस आरक्षक भर्ती में इसके पुत्र को नौकरी लगाने के नाम पर अपने झांसे में लेकर अबदुल हुसैन खान ऊर्फ अफजल कुरैशी, पीयुष वाडेरा एवं अमित सिंह द्वारा 3,25000 रूपये तथा इसके गांव के चंद्रपाल नेताम का नौकरी लगाने के नाम से 200000 रूपये कुल 525000 रूपये प्राप्त कर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर धोखाधड़ी किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी से प्राप्त होने पर आवेदन पत्र के अवलोकन पर प्रथम दृष्ट्या अपराध धारा 420, 467, 468, 471, 120(ब) भादवि का घटित होना पाए जाने से आरोपीगण अब्दुल हुसैन खान ऊर्फ अफजल कुरैशी, पीयुष एवं अमित सिंह के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

बताया जाता है कि उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में थाना प्रभारी, थाना कोतवाली को नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधडी के संबंध में एफआईआर दर्ज करने निवेदन किया गया था। प्रार्थी का नाम संतोष कुमार धुर्वे आ. स्व. बिसौहाराम धुर्वे उम्र 47 साल निवासी ग्राम नवागांव कंवर थाना गातापार जिला केसीजी का रहने वाला बताया जाता है। प्रार्थी संतोष कुमार के अनुसार वर्ष 2017-2018 में शासन द्वारा पुलिस आरक्षक भर्ती का वेकेंसी निकला था जिसमें उसके बेटे रूपेश धुर्वे ने फार्म भरा था। उसी दौरान वह खेती करने पास के गांव ईटार गया था जहां पर गांव वालों से अपने लड़के के पुलिस आरक्षक भर्ती के संबंध में चर्चा के दौरान गांव वालो से राजनांदगांव का निवासी अब्दुल हुसैन खान ऊर्फ अफजल कुरैशी के बारे में पता चला जिसका मोबाइल नम्बर पता करके उसके मोबाइल नम्बर 8889431676 में फोन करके बात किया, जिससे मैने अपने बेटे की पुलिस भर्ती के संबंध में चर्चा किया। प्रार्थी के लिखित आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

आज शहीद वीर रामाधीन शहादत दिवस

राजनांदगांव(दावा)। जिला आदिवासी गोड़ महासभा राजनांदगांव के तत्वाधान में 28 जनवरी को शहीद वीर रामाधीन गोड़ शहादत दिवस गोड़वाना भवन रामकृष्ण नगर राजनांदगांव भवन में समारोह आयोजित है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयालदास बघेल खाद्य मंत्री रायपुर पधारेगें। अध्यक्षता संतोष पाण्डे सांसद करेगें। विशिष्ट अतिथि विकास मरकाम प्रदेश अध्यक्ष अ.ज.जा मोर्चा छ.ग., मधुसूदन यादव पूर्व सांसद, अभिषेक सिंह पूर्व सांसद होगें। कार्यक्रम प्रारंभ प्रातः 11 बजे प्रारंभ होगा। जिले के आदिवासी समाज को आमंत्रण किया गया। प्रमुख आयोजक दलेश्वर कतलम, रमेश मंडावी, कन्हैया टेकाम ,परमानंद नेताम, नीलकंठ गढ़े है।

आयुक्त ने किया मोहारा फिल्टर प्लांट व स्वीमिंग पुल में ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। गणतंत्र दिवस के 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर मोहारा फिल्टर प्लांट एवं स्वीमिंगपुल में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। दोनों जगह अलग-अलग आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों ने ध्वज को सलामी दी। गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुये आयुक्त श्री गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था, जिसमें हमारे अधिकारों व कर्तव्यों का बोध होता है। हमें अपने अधिकार व कर्तव्य को समझना एवं उसके आधार पर अपने समाज व देश के लिये कार्य करना है, तभी संविधान की सार्थकता होगी। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सभी अपने दायित्वों को समझकर अपने-अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें, तभी हमारे निगम का नाम रोशन होगा। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता यू. के. रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

निगम में महापौर ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने प्रातः 7:30 बजे टाऊनहाल में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर द्वारा ध्वजारोहण पश्चात निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। टाऊन हाल में आयोजित समारोह में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों सतीश मसीह,संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, पार्षद शिव वर्मा, श्रीमती पुर्णिमा नागदेवें, टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, श्रीमती चन्द्रकला देवांगन, शरद सिन्हा, राजेश रानू जैन, श्रीमती उत्तरा अरूण दामले, गप्पू सोनकर, श्रीमती मधु बैद, विजय राय, पूर्व नामांकित पार्षद एजाजुल रहमा की उपस्थिति में महापौर श्रीमती देशमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात उपस्थितजनों द्वारा राष्ट्रगान के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई तथा राज्य गीत के पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया, इसके पश्चात महापौर द्वारा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

नगर निगम टाउन हाल में आयोजित समारोह में महापौर श्रीमती देशमुख ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व प्रसिद्ध है। क्योंकि हमारा संविधान लिखित एवं लचिला है, उन्होंने कहा कि डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर ने संविधान बनाया, जिसमें सभी वर्ग को अधिकार व कर्तव्य का बोध कराया तथा कार्य प्रणाली को सुदृण करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुये निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता ने कहा कि आज हमारा देश 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है, 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ, लेकिन हमें संविधान नहीं मिला था, आजादी के 3 वर्षो बाद आज ही के दिन 1950 को संविधान लागू होकर गणतंत्र के रूप में स्थापित हुआ। बिना संविधान के कोई भी देश नही चल सकता, हमारा संविधान दुनिया का सर्वोच्च संविधान है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुये कहा कि आजादी के बाद देश को चलाने के लिये नियम की आवश्यकता थी, जो नीति व नियम बनकर 1950 में संविधान के रूप में लागू हुआ। जिस पर चल कर हमारा देश प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है।

कार्यक्रम में आयुक्त श्री गुप्ता ने 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुये उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया, इस अवसर पर उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

ब्रह्माकुमारीज में ध्वजारोहण कर मनाया गया गणतंत्र दिवस

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग स्थित वरदान भवन तथा कौरिनभाठा स्थित ज्ञान मानसरोवर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में 26 जनवरी के दिन गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रातः ईश्वरीय महावाक्य के श्रवण के बाद ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने कहा की हम वर्ष में दो बार राष्ट्रीय पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाते है और इस दिन विशेष हम उन शहीदों को याद करते है जिन्होंने भारत माता के लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया। अब परमात्मा शिव एक नया संविधान लाया है जिसके आधार पर सतयुगी दुनिया की स्थापना हो रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी शकुन बहन जी, रंभा बहन जी, सुषमा बहन जी, नीलेश्वरी बहन जी, प्रियंका बहन जी, महिमा बहन जी, झिलेश्वरि बहन जी, खेमीन बहन जी, पूनम बहन जी, सुनिंदा बहन जी, टोमिन बहन जी एवं ईश्वरीय महावाक्य सुनने आए अनेक भाई बहन उपस्थित थे।

शुभांक

अनुमानित

बी. के.

237-2 145-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

फाइटर

कलाकार - ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर, अक्षय आलेराय, करण सिंह ग्रोवर आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

silver SCREEN

SILVER SCREEN Multiplex

19th Jan to 25th Jan 2024

Main Atal Hoon - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm

6 9 5 - 12:00, 06:00 and 09:15 pm

Tahi Banbe Mor Dulhaniya (Chhattisgarhi) - 12:15, 03:15 and 06:15 pm

Hanu-man - 03:00 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

जिले में अपूर्व उत्साह एवं हर्ष के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

० विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत ने किया ध्वजारोहण
० मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का किया वाचन

राजनांदगांव (दावा)। जिले में अपूर्व उत्साह एवं हर्ष के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह में विकास एवं प्रगति के प्रतीक गुब्बारे भी उड़ाये। समारोह में विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत ने कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड में आर्म्स प्लाटून के अंतर्गत 38वीं बटालियन आईटीबीपी, सीएएफ 8वीं बटालियन राजनांदगांव, पीटीएस राजनांदगांव, जिला पुलिस महिला बल राजनांदगांव, नगर सेना महिला बल राजनांदगांव, एनसीसी आर्मी पुरूष शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, एनसीसी नेवी पुरूष शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, एनसीसी महिला शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, एनसीसी आर्मी शासकीय कमला देवी महाविद्यालय, एनसीसी स्टेट हाई स्कूल, एनसीसी सर्वेश्वरदास नगर पालिक स्कूल राजनांदगांव, एनसीसी संयुक्त सर्वेश्वरदास नगर पालिक स्कूल और स्टेट हाईस्कूल राजनांदगांव, एनसीसी नेवल डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्रा स्कूल राजनांदगांव प्लाटून शामिल हुए, स्काउड गाईड स्टेट हाई स्कूल, स्काउड गाईड महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक शाला और स्टेट स्कूल राजनांदगांव प्लाटून शामिल हुए। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर ढाल सिंह साहू ने किया। उप निरीक्षक भूषण चंद्राकर ने परेड टूआईसी का दायित्व निभाया। परेड में जवानों द्वारा हर्ष फायर किया गया और सम्प्रभुता, अखंडता के प्रतीक राष्ट्रपति की जय का उद्घोष किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने प्लाटून के कमांडरों से परिचय प्राप्त किया।

इस अवसर पर शहीद पुलिस जवानों के परिवारों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिले के 21 विद्यालयों के 630 बच्चों द्वारा आकर्षक व्यायाम का प्रदर्शन किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधित आकर्षक झांकी का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामजी भारती, खूबचंद पारख, सुरेश एच.लाल. भरत वर्मा, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, आईजी राजनांदगांव राहुल भगत, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, डीएफओ श्रीमती सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनिया घारड़े, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, नगर के गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राओं के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

श्रेष्ठ परेड के लिए आर्म्स प्लाटून वर्ग में आईटीबीपी को मिला प्रथम स्थान

गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित परेड में श्रेष्ठ परेड के लिए आर्म्स प्लाटून वर्ग में 38वीं बटालियन आईटीबीपी को प्रथम एवं नगर सेना महिला बल राजनांदगांव को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। अनआर्म्स प्लाटून वर्ग में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय प्रथम एवं एनसीसी नेवी पुरूष शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ डोंगरगढ़ के बच्चों की अनूठी प्रस्तुति को प्रथम स्थान

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समारोह में प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ डोंगरगढ़ के बच्चों की प्रस्तुति को प्रथम स्थान, सर्वेश्वरदास उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव के बच्चों की प्रस्तुति को द्वितीय स्थान तथा गायत्री स्कूल राजनांदगांव के बच्चों की प्रस्तुति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ डोंगरगढ़ के बच्चों ने सौगंध मुझे इस मिट्टी की...गीत पर मोहक प्रस्तुति दी। सर्वेश्वरदास उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव के बच्चों ने वंदे मातरम..गीत पर आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं गायत्री विद्यापीठ के बच्चों द्वारा जयतु-जयतु लहर-लहर तिरंगा फहराना...चंद्रयान मिशन की उपलब्धियों को बताया गया। नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, एकलव्य आवासीय विद्यालय राजनांदगांव, आस्था मूक बधिर शाला राजनांदगांव के बच्चों ने देशभक्तिपूर्ण गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति दी।

झांकी में दिखी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की खूबसूरत झलक

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित झांकी में कृषि विभाग को प्रथम स्थान, जिला पंचायत की झांकी को द्वितीय स्थान तथा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर लोक नर्तक दल द्वारा मांदर की थाप पर आदिवासी नृत्य की अनोखी प्रस्तुति दी गई। जिला पंचायत, पुलिस विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुधन विकास विभाग, वनमंडल राजनांदगांव, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग एवं उद्यानिकी विभाग ने झांकी के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रस्तुत किया।

श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में हुआ सफल किडनी ट्रांसप्लांट

रायपुर (दावा)। न्यू राजेन्द्र नगर स्थित श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल ने एक और नया किर्तीमान हासिल किया है। अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग से मान्यता मिलने के बाद किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। 23 वर्ष तुसार दास को उसकी मां देवकी दास ने किडनी दिया। तुसार दास पिछले 1.5 साल से डायलिसिस में था बेटे के तकलीफ को देखते हुये उसके परिवार ने किडनी ट्रांसप्लांट कराने का निर्णय लिया। उसके पश्चात् डॉ. करण सराफ (नेफोलाजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ) से मिले। डॉ. करण ने किडनी ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दिया। मरीज और डोनर की पूरी जांचे सही आने और अनुमति मिलने के बाद 16 जनवरी को सफल किडनी ट्रांसप्लांट हुआ और उसके पश्चात् अभी मरीज एवं डोनर पूरी तरह से स्वस्थ्य है और छुट्टी कर दी गयी है और डॉ. करण सराफ के नियमित फालोअप में रहने की सलाह दी गयी है। इन डॉक्टरों की टीम ने ट्रांसप्लांट को बनाया सफल डॉ. करण सराफ (नेफोलॉजीस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ), डॉ.राहुल कपूर (यूरोलाजीस्ट), डॉ.प्रसांत भागवत (यूरोलाजीस्ट), डॉ.सुफल कुमार (लेप्रोस्कोपीक सर्जन), डॉ.सुप्रिती शर्मा (एनेथेसियोलाजिस्ट), डॉ.असित नायक (एनेथेसियोलाजिस्ट), डॉ रवि गोयल (एनेथेसियोलाजिस्ट), डॉ.सर्वजित (आर एम ओ), डॉ.रजा खान (आर एम ओ), ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर तमन्ना खान एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ सुशील शर्मा ने बताया कि श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में पूर्ण रूप से नेफोलाजी विभाग संचालित है, जिसमें उच्च स्तरीय डायलिसिस, किडनी ट्रांसप्लांट युनिट एवं किडनी मरीज के भर्ती की पूरी सुविधा उपलब्ध हैं। डॉ. करण सराफ ने बताया कि कोनिक किडनी डिसीस स्टेज 5 के मरीज जो डायलिसिस पर आ जाते है, उनके लिये सबसे अच्छा ईलाज किडनी ट्रांसप्लांट ही है।

ग्रामीण महिला से भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त

डोंगरगांव पुलिस की बड़ी कार्यवाही

डोंगरगाँव (दावा)। थाना डोंगरगांव क्षेत्र में एक महिला द्वारा अवैध शराब विक्रय करने का एक बड़ा मामला सामने आया है. उच्चाधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में 26 जनवरी को थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री के गतिविधियों पर लगातार नजर रखा जा रहा था. इसी दौरान ग्राम अर्जुनी में एक 52 वर्षीया महिला के पास से सैकड़ों बोतल अवैध शराब पकड़ा गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला अपने अवैध कब्जे के झोपड़ीनुमा मकान में अवैध रूप से शराब रखकर शराब बिक्री कर रही थी. सूचना पर थाना डोंगरगांव में पुलिस टीम गठित कर सउनि विजय साहू, आर0960 गौरव शेण्डे, आर0101 योगेश साहू, महिला आर0290 भुमिका यादव के द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपिया सतरूपा सोनकर पति रेवाराम सोनकर 52 वर्ष, निवासी ग्राम अर्जुनी, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव छ0ग0 के कब्जे से कुल 230 नग देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180 एमएल भरी सीलबंद, कुल 41.400 बल्क लीटर शराब कीमती 18,400 रूपये जप्त कर किया गया. आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है.

खेत के पैरावट में रसोईया की लाश मिली

० दो दिन पूर्व राजनांदगांव निवासी प्रेमी युगल ने जहर सेवन किया था
० प्रेमिका की घटनास्थल पर हुई मृत्यु, प्रेमी को पुलिस की सतर्कता ने बचाया

डोंगरगढ़(दावा)। दो प्रेमी युगल द्वारा आपस में जीवन यापन नहीं कर पाने को लेकर आशंकित होकर घर से भाग कर जहर सेवन करने का मामला प्रकाश में आया है। जहर सेवन करने से प्रेमी युगल में से प्रेमिका की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गई। वहीं पुलिस की सतर्कता से प्रेमी को बचा लिया गया है। जिसका इलाज राजनांदगांव अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के ग्राम रामपुर थाना लालबाग निवासी प्रेमी युगल देवर-भाभी द्वारा घर से भाग कर डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बेलगांव स्थित किसान मन्नू चंद्रवंशी के खेत के पेराट में जहर सेवन कर लिया गया था। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल प्रेमी को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराकर बचा लिया गया। जिसका इलाज राजनांदगांव अस्पताल में चल रहा है। प्रेमिका अरुणा यादव पति गोपाल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जिसका शव खेत के पेराट में पुलिस को मिला।

रसोईया का कार्य करती थी मृतिका

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव निवासी मृतिका स्कूल में रसोईया का कार्य करती थी। मृतिका का उसके देवर के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी घरवालों को लगते ही दोनों घर से भाग कर मोटर साइकिल से बेलगांव स्थित खेत के पेराट में विगत दो दिनों से रह रहे थे। मोटरसाइकिल को लावारिस हालत में गांव की सीमा में छोड़ दिया गया था।

पुलिस को बेलगांव की सीमा में लावारिस हालत में मोटर साइकिल मिली थी। जिसके मालिक की पताशाजी करते हुए पुलिस घटना स्थल तक पहुंची थी। मर्ग कायम कर पुलिस द्वारा पंचनामा करा लिया गया है। मानले की विवेचना पुलिस द्वारा की जा रही है।घायल प्रेमी द्वारा पुलिस को जहर सेवन करने की जानकारी दी गई है।

नगरवासियों के लिये अब शहर में चलेगी सिटी बस, महापौर ने दिखाई हरी झंडी

नगरवासियों की मांग पर लगी मुहर-हेमा देशमुख

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिये सिटी बस संचालित की जा रही है। सिटी बस की सुविधा में विस्तार करते हुये स्थानीय नागरिकों के लिये नगर निगम द्वारा शहर में सिटी बस की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। सिटी बस को नगरवासियों के लिये शहर में चलने आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सतीश मसीह, संतोष पिल्ले व गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे व अमीन हुद्दा की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना की। महापौर श्रीमती देशमुख ने इस अवसर पर कहा कि राज्य शासन द्वारा नागरिकों को आवागमन के लिये सिटी बस की सुविधा दी जा रही है, जिसमें नागरिक अपने शहर से दूसरे गांव आने जाने में लाभ ले रहे है। सुविधा में विस्तार करते हुये नगर निगम द्वारा नगरवासियों को सुविधा पहुंचाने शहर में सिटी बस सेवा संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सिटी बस रेल्वे स्टेशन चौक से पेण्ड्री मेडिकल कालेज तक चलेगी, जो प्रातः 10:00 बजे से स्टेशन चौक से व्हाया पुराना बस स्टेण्ड चौक, राम दरबार मंदिर, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट चौक, लखोली नाका चौक, नंदई चौक, इंदिरा नगर चौक, पुराना जिला चिकित्सालय, बसंतपुर चौक, कमला कालेज रोड, आम्बेडकर चौक, आर.के.नगर, रेवाडीह चौक से होते हुये पेण्ड्री मेडिकल कालेज से आर.के.नगर चौक से होते हुये स्टेशन चौक तक चलेगी।

महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि सिटी बस पुनः दोपहर 2:55 को रेल्वे स्टेशन चौक से होते हुये पुनः उसी रूट में शाम 5:40 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि नगर के विस्तार एवं मेडिकल कालेज आने जाने की सुविधा प्रदान करने सिटी बस सेवा नगर में प्रारंभ की जा रही है, जो न्यूनतम दर में नगरवासियों को सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की बहुप्रतिक्षित मांग थी जो अब पूर्ण हुई। उन्होंने नागरिकों से नगर में सिटी बस सेवा का लाभ लेने की अपील की है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा व प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे उपस्थित थे।

कल प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

29 जनवरी को सुबह 11 बजे नई दिल्ली से होगा सीधा प्रसारण

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने के लिए 29 जनवरी को सुबह 11 बजे भारत मण्डपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में ऑनलाईन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन न्यूज, दूरदर्शन भारत, यू-ट्यूब व एवं स्वतश्र1.द्वठ्ठ सहित अन्य माध्यम से उपलब्ध रहेगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय, सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों, शासकीय एवं निजी विद्यालयों सहित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कक्षा छठवीं से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों एवं अभिभावकों को स्मार्ट टीवी व डिजिटल क्लास रूम के प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। दूरस्थ स्थलों में इंटरनेट अथवा टेलीविजन की सुविधा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ऑल इंडिया रेडियो एवं एफएम चैनल के माध्यम कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुनाने की व्यवस्था करने कहा गया है। साथ ही कार्यक्रम के पश्चात बच्चों व शिक्षकों के फोटो स्वतश्र1.द्वठ्ठ पर अपलोड करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ऑनलाईन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी अपने अधीनस्थ बीआरसी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, नोडल प्राचार्य को संबंधित क्षेत्र में सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। कार्यक्रम से जिले के शत-प्रतिशत विद्यार्थी को लाभान्वित करने कहा गया है।

नगर निगम टाउन हाल में प्रत्येक सोमवार जनदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्याओं एवं उसके निराकरण के लिये कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी विभागों में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन लगाने के निर्देश दिये है। निर्देश के अनुक्रम में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने प्रत्येक सोमवार को नगर निगम में भी जनदर्शन लगाने आदेश जारी किया है। जिसके तहत प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक टाउन हॉल सभागृह में जनदर्शन लगाया जायेगा। जनदर्शन के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को आयोजित जनदर्शन में नगर निगम के विभागीय प्रमुख उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्या से अवगत होकर उसका निराकरण करेंगे, जनदर्शन में मूलभूत सुविधा बिजली पानी सफाई के अलावा, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु, प्रधानमंत्री आवास सहित केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ देने आवेदन लिया जायेगा।

केंद्रीय विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर विविध आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में 75वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राथमिक तथा माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने देशभक्ति पूर्ण सुमधुर समूह गीतों व समूह नृत्यों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से भारतीय गणराज्य को सशक्त और मजबूत बनाने में सदैव अपनी रचनात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अधिकार और कर्तव्य एक दूसरे के पूरक हैं तथा स्वतंत्रता दिवस हमें अधिकार दिलाने वाला है तो गणतंत्र दिवस हमें हमारे कर्तव्यों का स्मरण कराता है। विद्यार्थियों की ओर से आरोही कुंजाम कक्षा नवमी, राशिका कश्यप कक्षा दूसरी, अनिरुद्ध घोष कक्षा 12वीं और वैष्णवी शर्मा कक्षा नवमी ने ओजस्वी कविता तथा सारगर्भित भाषणों के रूप में अपने विचार रखे। राष्ट्रगान जन-गण-मन तथा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के बाद विद्यार्थियों की ओर से झंडा गीत, डोंगरी नृत्य तथा योग नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य मनोज कुमार ने इस अवसर पर तत्परतापूर्वक किए गए अच्छे कार्य के लिए कक्षा तीसरी के छात्र यश ठाकुर को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र प्रणय श्रीवास्तव और भावना वर्मा ने किया। आभार शिक्षिका श्रीमती प्रभातीलता मुखर्जी ने व्यक्त किया।

कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सुधीर सोनी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं शिल्पा अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अनमोल दावा

> संसाधन की कमी नहीं, कमजोर इच्छा शक्ति के कारण ज्यादातर लोग विफल होते हैं।

आतंकवाद को खाद-पानी मुहैया देने वाले पाकिस्तान भारत पर आरोप लगाने से पहले अपनी गिरेबां में झाकें

पाकिस्तान की समस्या यह है कि जब भी वह भारत के खिलाफ अपने किसी एजंडे को हकीकत में तब्दील करने में नाकाम होता है या फिर खुद को गंभीर आरोपों के कठघरे में पाता है, तब भारत की ओर अंगुली उठा कर खड़ा हो जाता है। हालांकि ऐसा करने से खुद उसके ही कमजोर होने का एक संदेश निकलता है, लेकिन ऐसा लगता है कि बार-बार शर्मिंदगी उठाने के बावजूद उसे भारत पर आरोप लगाने में कोई असहजता नहीं महसूस होती।

सवाल है कि क्या अब इस तरह की गतिविधियां पाकिस्तान की आदत में तब्दील हो गई हैं कि अपनी सीमा में मुश्किलों का हल निकालने के बजाय वह किसी भी मामले में भारत का नाम लेकर दुनिया और पाकिस्तानी अवाम को गुमराह करना प्राथमिक समझता है! दरअसल, गुरुवार को पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके पास पिछले वर्ष सियालकोट और रावलकोट में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो पाकिस्तानी आतंकवादियों की हत्या और च्भारतीय एजंटज् के बीच संबंध होने के च्ठोस सबूतज् हैं। अब वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को जिस रूप में देखा-समझा जाता है, उसमें इस आरोप को लेकर शायद ही कोई देश गंभीर होता हो। मगर इससे पाकिस्तान की मंशा एक बार फिर सामने आई है।

इस तरह के उथले और निराधार आरोपों की सच्चाई यह है कि जिन आतंकवादियों के मारे जाने के बारे में पाकिस्तान ने भारत पर अंगुली उठाई है, उनसे संबंधित आतंकी संगठनों को पालने के लिए कठघरे में वह खुद खड़ा है। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी आतंकी गतिविधियां संचालित करने के मसले पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग सम्मेलनों में भी सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में भारत का यह जवाब बिल्कुल उचित है कि पाकिस्तान की ओर से इस मामले में जो भी कहा गया है, वह भारत विरोधी झूठा और दुर्भावना से भरे प्रचार का उसका नवीनतम प्रयास है; पाकिस्तान जो बोएगा, वही काटेगा और उसकी अपनी करतूतों के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराना न तो न्यायोचित हो सकता है, न ही समाधान। सच यह है कि पाकिस्तान अपने दावे में ही दोनों आतंकवादी संगठनों और उनके सदस्यों के अपने सीमा-क्षेत्र में मौजूद होने की पुष्टि कर रहा है।

दरअसल, ताजा आरोप लगाते हुए पाकिस्तान ने यह सोचना भी जरूरी नहीं समझा कि उसके सीमा क्षेत्र में आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग च्पाकिस्तानी नागरिकज् और आतंकी पहचान के बावजूद शासन की गिरफ्त में क्यों नहीं थे! आतंकवादियों की हरकतों के बारे में दुनिया जानती है कि वे नाहक ही मासूम और निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं, आतंक फैलाते हैं, तो खुद पाकिस्तान स्थित किसी अन्य संगठन या एजंसी के साथ भी टकराव में वे मारे जा सकते हैं।लेकिन महज शौक की वजह से भारत पर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान ने कभी भी अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत नहीं समझी है। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और अन्य संगठन पाकिस्तान स्थित अपने ठिकानों से भारत में जिन आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देते हैं, उसे संरक्षण देने का मुख्य आरोपी खुद पाक रहा है।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 2017 में चीन में हुए ब्रिक्स सम्मेलन के घोषणापत्र में भी जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे पाकिस्तान आधारित संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की गई थी। इसलिए आतंकवाद को खाद-पानी मुहैया कराने के आरोपों से खुद घिरा पाकिस्तान जो आरोप भारत पर लगाता है, उसके आईने में उसे खुद को देखना चाहिए।

बादराटोला के युवा शहीद रामाधीन (गोंड) कुंजाम

नई बहू को गौना लाने की तैयारी में था, लेकिन अंग्रेजों ने गोली उसके सीने में उतार दी

आत्माराम कोशा 'अमात्य'

संस्कारधानी कहीं जाने वाली नगरी राजनांदगांव, देश के प्रति मर-मिटने वाले शहीदों को अपने शहर के चौक चौराहे और सड़कों के नाम रखकर उन्हें सदा के लिए अमर रखने का स्तुत्य प्रयास किया है। इनमें से प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक, व जिले के शहीद रामाधीन गोंड का नाम प्रमुख है। बाल गंगाधर तिलक के नाम से पुराना गंज चौक से काली माई मंदिर बस स्टैंड रोड की सड़क जहां तिलक मार्ग के नाम से जाना जाता है वहीं तिरंगा चौक से महाराजा अग्रसेन तिराहा जाने वाली सड़क को रामाधीन मार्ग का नाम दिया गया है जो बादराटोला के अमर शहीद रामाधीन गोंड के नाम से स्थापित है। बता दें कि जिले के डोंगरगांव छुरिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम घोघरे व बादराटोला, स्वतंत्रता सेनानियों के लिए विशेष तौर पर जाना जाता है। इस क्षेत्र के माहौल में अंग्रेजो भारत छोड़ो की गूंज हुआ करती थी। बादराटोला गांव में बुद्धुलाल साहू अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाने वाले प्रमुख नेताओं मे शुमार थे। वैसे इस क्षेत्र में तुलसी प्रसाद मिश्रा, विश्वेश्वर प्रसाद यादव, विश्राम दास, विद्याप्रसाद यादव चतुर सिंग ठाकुर आदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सक्रिय थे किंतु ग्राम बादराटोला के गबरु जवान रामाधीन कुंजाम में देश की स्वाधीनता के प्रति एक अलग ही जोश व जज्बा था ।

पिता पतिराम व माता सुखरी बाई का सुपुत्र रामाधीन अपने दो बड़े भाई मटर लाल व रामाधार में सबसे छोटे थे इसलिए वह अपने घर- परिवार में सबका प्रिय बना हुआ था। घर- परिवार का लाडला होने के कारण रामाधीन बिंदास भी था। उसमें शुरू से ही क्रांतिकारी विचार कूट-कूट कर भरी हुई थी। इसलिए अपने गांव के स्वतंत्रता सेनानी बुद्धू लाल साहू के साथ उसकी ज्यादा करीबी बनी रहती थी। रामाधीन उनके हर कार्यक्रम व आंदोलन में साथ जाया करते थे।

स्वाधीनता आंदोलन की धूम

उन दिनों स्वाधीनता आंदोलन की धूम हुआ करती थी। युवा रामाधीन इसमें बढ़चढ़ कर भाग लिया करते थे।इससे रामाधीन के माता पिता प्रायः चिंतित रहा करते थे कि कहीं रामाधीन देशप्रेम के जोश में घर-बार की त्याग ही न कर दे। इसलिए जबरदस्ती कर उसका आमाटोला के नजदीक के ग्राम रंगकठेरा एक सुशील कन्या के साथ ब्याह करा दिया गया। पर रामाधीन के सिर से देश प्रेम का जज्बा कहां उतरने वाला था। शादी होने के बाद भी उसका पहले की तरह अपने सम्मानीय बुजुर्ग बुद्धु लाल साहू जी के साथ आंदोलनों में जाना कम नहीं हुआ था । उन दिनों अंग्रेजों की बर्बरतापूर्ण व्यवहार व ग़लत नीतियों के कारण पूरे देश में काफी आक्रोश था। छुरिया क्षेत्र के रहवासियों में भी यह आक्रोश बना हुआ था।वजह यह थी कि उन दिनों अंग्रेजो की ग़लत नीतियों के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था । यह वही समय था जब देश में जंगल सत्याग्रह काफी जोर पकड़ा हुआ था। छत्तीसगढ़ क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं था।

आज शहीद रामाधीन गोंड के बलिदान दिवस प्रसंग पर विशेष

जंगल सत्याग्रह की धूम

21 जनवरी 1940 को जंगल सत्याग्रह डोंगरगांव क्षेत्र के चिरचारी से बागद्वार होते हुए बादराटोला पहुंचा हुआ था। रामाधीन के माता पिता कुछ दिन से उस पर अपनी नई नवेली बहू को गौना ले आने का दबाव बनाए हुए थे। ताकि बुढ़त काल में अपनी छोटी बहू के हाथों का पानी पी सके । यह वही समय था जब जंगल सत्याग्रहियों का अंग्रेजों के खिलाफ विरोध मुखर हो रहे थे। सत्याग्रहियों की बादराटोला पहुंच कर बैठक होने लगी थी। जिसके बारे में तत्कालीन मजिस्ट्रेट सुखदेव प्रसाद को इसकी जानकारी मिलते ही कि बादराटोला में सत्याग्रहियों की बैठक चल रही है और लोग अंग्रेज सरकार की बगावत मेंआ गए है तो वह डोंगरगांव थानेदार के साथ हथियार बंद जवानों को लेकर बादराटोला पहुंच गए। इधर इस सब बात से अनजान रामाधीन अपनी नई नवेली बहू को गौना लाने की तैयारी में था और सज-संवर कर अपने ससुराल जाने निकलने वाला ही था। वैसे ही उसे गांव में ठांय-ठांय गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। इसी दौरान किसी ने उसे पुलिस द्वारा सत्याग्रहियों की भीड़को तितर- बितर करने के लिए अंधाधुंध गोलियां चलाने की बात बताई ।

सीने पर लगी गोली

रामाधीन को सत्याग्रहियों का पुलिस की गोली से बचनेके लिए इधर उधर भागने जानकारी मिलते ही वह उस ओर दौड़ पड़ा ।इस दौरान पुलिस की एक गोली बादराटोला निवासी रेवती दास को जा लगी। गोली लगने से बूरी तरह घायल हुए रेवती दास को लोग अस्पताल ले जा रहे थे। दौड़ा-दौड़ा रामाधीन वहां पर पहुंचा ही था और कुछ कर पाता कि यही समय उसके लिए आखिरी समय साबित हो गया। पुलिस जवानों द्वारा चलाई गई एक सनसनाती गोली रामाधीन के सीने पर जा लगी,और बादराटोला का गबरू जवान बेटा वहीं पर पछाड़ खा कर गिर गया। गिरते ही उसके प्राण पखेरु उड़ गए। मां सुखरी बाई का लाडला बेटा रामाधीन अपने देश को अंग्रेजों के जुल्मों सितम से बचाने शहीद हो गया। अपने क्रान्तिकारी साथियों की जान बचाने के लिए देश के प्रति अपनी जान न्यौछावर कर गए शहीद रामाधीन को जहां एक ओर अपने माता पिता को उनकी नई नवेली बहू के हाथों से पानी पिलाने की साध अधूरी रह गई वहीं भारत माता को अंग्रेजों की चंगुल से मुक्त कराने के अरमान भी आधा अधूरा रह गया। अंग्रेजों का विरोध करते हुए हमेशा -हमेशा के लिए धरती मां की गोद में सो जाने वाले रामाधीन के साथ घटी इस हृदय द्रावक घटना के छुरिया क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी तुलसी प्रसाद मिश्रा, विश्वेश्वर प्रसाद यादव ,विद्या प्रसाद यादव ,विक्रम दास बैरागी,बहुरसिंह ठाकुर गवाह रहे हैं ।

इन स्वतंत्रता सेनानियो ने अपनी धरती के प्रति शहीद हो जाने वाले रामाधीन के बलिदान को रेखांकित किया था और उसे कृतज्ञतापूर्वक पुण्यांजलि दी थी। शहीद रामाधीन गोंड के नाती दूधेलाल गोंड ने बताया कि इस हृदय द्रावक घटना को अंजाम दे कर अंग्रेजों के हाथों नाचने वाली पुलिस विजयी मुद्रा में वापस लौट गई। इसके बाद एक-एक कर एकत्रित हुए ग्रामवासियों द्वारा निचेष्ठ पड़े रामाधीन के शरीर को उठाया गया और जहां पर आज उनकी शहीदी प्रतिमा स्थापित है उसी स्थान पर उनका पूरे सम्मान के साथ दाह्य संस्कार किया गया गया।

शहीद रामाधीन की वीरता को गांव बादराटोला वाले आज भी भूले नहीं हैं और याद करते हुए कह उठते हैं कि आजादी की स्वातंत्र्य समर में अपनी धरती मां, भारत माता के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले अमर शहीद रामाधीन (गोंड) कुंजाम को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा ।

राजनांदगांव (छ0ग0) 6261385579

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 50 : महर्षि विश्वामित्र द्वारा राजा जनक के पास अद्भुत धनुष का उल्लेख

डॉ. योगेन्द्र कुमार पाण्डे

महर्षि विश्वामित्र द्वारा यज्ञ को संपूर्ण घोषित करने पर राम और लक्ष्मण के मुख पर स्मित हास है। उनमें गुरु की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के कारण गहरा आत्मसंतोष है। राम और लक्ष्मण गुरु का चरण स्पर्श करने के लिए उनके पास पहुंचे। उन्हें अपने चरणों से उठाते हुए और उनके सिर पर आशीर्वाद का हाथ रखते हुए गुरु ने दोनों को गले से लगा लिया। आश्रम के तपस्वियों ने यज्ञ के निर्विघ्न संपन्न होने पर हर्षध्वनि की।

जिस उद्देश्य से महर्षि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर सिद्धाश्रम आए थे, वह पूरा हो चुका है। दोनों कुमारों में अनुशासन और धैर्य है।वे कोई साधारण किशोर होते तो कार्य पूरा होने के बाद हठ करते कि उन्हें अब अपने घर अयोध्या जाना है।राम और लक्ष्मण में ऐसी शीघ्रता नहीं है। पिता राजा दशरथ ने पहले ही कहा हुआ है कि महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा का सदैव पालन करना।

श्री राम ने गुरु को प्रणाम कर पूछा, 'हे मुनिवर! अब आगे हम दोनों के लिए क्या निर्देश है, हम आपकी सेवा को तत्पर हैं।'

महर्षि विश्वामित्र ने कुछ देर अपनी आंखें बंद कीं। उनके मुख पर मुस्कान तैरने लगी। आंखें खोलकर उन्होंने राम को देखा। उन्होंने श्रीराम से कहा, 'अब हमें मिथिला के राजा जनक के यहां हो रहे यज्ञ में जाना है।'

श्री राम ने तत्काल कहा, 'जो आज्ञा गुरुदेव!

उत्सुकतावश लक्ष्मण जी ने पूछा, च्गुरुदेव! क्या वहां भी हमें राक्षसों से उस यज्ञ की रक्षा करनी है।'

हंसते हुए विश्वामित्र जी ने ने कहा, 'नहीं लक्ष्मण! वहां तुम्हें यज्ञ की रक्षा के लिए श्रम करने की आवश्यकता नहीं है।'

लक्ष्मण जी मन में सोचने लगे, तब हम वहां क्यों जाएं। गुरु तो हमारे लिए सभी तरह से उचित ही सोचते हैं,लेकिन क्या अब हमें अयोध्या वापस नहीं चलना चाहिए। ऐसे यज्ञ में हमारा क्या काम, जहां हमारी आवश्यकता ही न हो।

महर्षि विश्वामित्र ने लक्ष्मण के मन की बात समझते हुए कहा, 'तुम दोनों भाइयों का कार्य केवल युद्ध और शस्त्रों तक ही सीमित नहीं है लक्ष्मण! तुम दोनों ने शस्त्रों के प्रशिक्षण की ही तरह शास्त्रों की भी उतनी ही तन्मयता से शिक्षा प्राप्त की है।अवसर प्राप्त हो तो तुम्हें इस बात के लिए भी तत्पर रहना चाहिए कि इस जंबूद्वीप में कौन-कौन से प्रदेश हैं,वहां का राजनैतिक और सामरिक महत्व क्या है।'

लक्ष्मण ने कहा, 'जी गुरुदेव! मैंने तो इस ओर सोचा ही नहीं था।'

विश्वामित्र जी ने ठिठोली करते हुए कहा, 'अरे नहीं लक्ष्मण! इतने गंभीर मत होओ। वहां राजा जनक के पास एक अद्भुत धनुष है। तुम दोनों को उसे अवश्य देखना चाहिए।'

श्री राम ने कहा, 'जी मुनिवर! परंतु उस धनुष में ऐसी क्या विशेषता है?'(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है।युगों- युगों तक इसकी उपयोगिता है।श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

शब्द सामर्थ्य -316

सु- दोकू क्र.316

कविता

जनतंत्र की पुकार

आया जनता का जनता के लिये जनता का शासन,
अब जनतंत्र की पुकार है, कोई खिलवाड़ न करे उससे,
जनता कोई दूध मुँही बच्ची नहीं, जिसे बहला लो,
जनतंत्र के लिये उसे मिले हैं ''अमूल्य अस्त्र'' मताधिकार।
जनता की क्रोध धरती पर कंपन और ला सकती है तूफान,
न करे जनता का नुकसान उसकें है परिवर्तन की ताकत,
नहीं है अब राजतंत्र, सुशिक्षित साक्षर जनता अब है विवेकशील,
तख्त और ताज हिल सकती है, जनता को मताधिकार
भारत के विशाल प्रजातंत्रम, जनता की ताकत से आवाज सर्वोपरि है,
आज हमारे मजदूर, किसान, कर्मचारी करते है कार्य प्रजा के लिये,
शासनतंत्र पर जनता की पकड़ हो रही है मजबूत
कोई जन दुःखी ना हो, किसी बच्चें के सूदन न हो।
शासन की योजना, सिंचाई, विद्युत, बाँध जनता के लिये है,
बीते मतदाता दिवस पर, प्रजा का अभिषेक है, वंदन है,
आप का एक मत सरकार की रीढ़ है, यही पुकार है मतदान करें,
न हो व्यर्थ आप का अधिकार, करें अपनी स्वप्न को साकार।

रामाधारी सिहं दिनकर के शब्दों में-

सब से विराट् जनतंत्र जगत का आ पहुंचा,
अभिषेक आज राजा का नहीं, प्रजा का है,
आरती लिए तू किसे ढुँढता है, मंदिरों, राजप्रसादों में,
देंवता कहीं सड़कों पर, मिट्टी तोड़ रहे
देवता मिलेंगे, खेतों में खलियानों में।

देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़

कविता

।। मन बैरागी हुआ नही ।।

एक तेरे न होने से ,जीवन जैसा कुछ भी नही।
बस पता इतना कि ,कुछ भी मुझे हासिल नही।।
मन में शरारत क्यों इतना, जाने कितना-कितना।
बाकी है बचपन या इश्क मुक्कमल हुआ नही।।
पिला-पिला साकी भी हारा, होंठ कभी थका नही।
उन बातों की सजा मिली ,जो शरारत किया नही।
चाह न जाती जीने की,जब है मेरी परवाह उसे।
खुद से शिकायत सदा रहा, उनसे तो गिला नही।।
मन मार-मार मैं हारा,बीती उम्र कभी मरा
नही। साँसे आती-जाती रही, एक पल
भी जीया नही।। रहे खुमारी जीवन
भर, भूल जाए वो इश्क कहाँ। दूर नजर से हुए
सजन,ये मन बैरागी हुआ नही।।

रोशन साहू (मोखला) 7999840942

कविता

हर घर में बिराजने श्री राम आये

22 जनवरी 2024 सोमवार का दिन,
एक-नया इतिहास बनके आये।
नया दिन, नया बहार बनके आये।
चहुँओर खुशी भरा 'प्यार का पैगाम' लेकर आये।
अर दिन सबकी जीवन में बहार बनके आये,
भगवान श्री रामचन्द्र जी की, प्यारी होंठों में......।
सदा 'मुस्कान' बनके आये।
साथ में माता सीता, भाई लक्ष्मण,
'भगवान श्री रामचन्द्र जी' हर-घर में आयें।
धरती, आकाश, पताल, अंतरिक्ष, तो क्या?
सम्पूर्ण ब्रम्हाण्ड 'राम' बन आये।
अयोध्या में ही क्या? अपितु,
'हिन्दुस्तान' के हर घर में
बिराजने ''श्री राम''आये।
और सुमंगल करने...।
हर घर में बिराजने श्रीराम आये।

बलराम सिन्हा ''रब''
सुरगी राजनांदगांव छ.ग

राशिफल

मेष

आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप अपनी समझदारी और सूझबूझ द्वारा किसी समस्या का हल निकालने में सक्षम होंगे। आपका पूरी तरह से अपने कार्यों के प्रति समर्पित होना आपको सफल करेगा। आज मित्रों और परिवारजनों का भरपूर सहयोग बना रहेगा।

वृषभ

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। लेकिन ध्यान रखिए, सफलता हासिल करने के लिए आज आपको बहुत मेहनत की जरूरत है। आज आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है। आज आपके दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा।

मिथुन

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। बिजनेस में आपको कोई बड़ा ऑर्डर मिलेगा, जिसपर एकाग्र चित्त होकर काम करेंगे। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों में कोई बड़ी डील हो सकती है। सरकारी सेवारत लोग अपने क्लाइंट के साथ अच्छे से पेश आएंगे।

कर्क

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज चुनौतियों को स्वीकार करना आपके लिए सफलता के मार्ग खोलेगा। प्रभावशाली इंसानों की मदद आपकी तरक्की में मददगार रहेगी। मेहनत के मुताबिक आपको उचित फल भी प्राप्त होंगे। आज जरूरतमंदों और बुजुर्गों की सेवा करें।

सिंह

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह के गतिविधियों में व्यस्तता रहेगी। अपने जनसंपर्क को और अधिक मजबूत करें, इनके द्वारा आपको चमत्कारिक रूप से भावी लक्ष्य की प्राप्ति भी होगी। आज कोई नजदीकी धार्मिक यात्रा का भी प्रोग्राम बन सकता है।

कन्या

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में किसी भी बाहरी व्यक्ति से बातचीत करते समय बहुत अधिक धैर्य और संयम बनाकर रखने की आवश्यकता है। आज जल्दबाजी में लिए फैसले गलत हो सकते हैं इसलिए माता जी से राय लेना उचित रहेगा।

तुला

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि रहने से आपकी सोच भी सकारात्मक और संतुलित रहेगी। आर्थिक मामलों में बेहतरीन सफलता मिलने की स्थिति बन रही है। इसलिए अपने कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करते चलें।

वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। अपनी व्यवसायिक कार्यप्रणाली में परिवर्तन लाने की जरूरत है। आज पब्लिक संपर्कों को और अधिक बेहतर बनाएंगे। इससे व्यवसायिक स्त्रोत बनेंगे। किसी राजनैतिक इंसान की मदद से आपके काम हो सकते हैं।

धनु

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की सहायता से कोई रुका कार्य पूरा हो सकता है। आज दिन को बहुत ही सकारात्मक तरीके से व्यतीत करे। आपने कई रुके हुए काम को फिर से शुरू करेंगे और सफलता भी मिलेगी। अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें।

मकर

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस संबंधी योजना चल रही है, तो उस पर काम करने की कोशिश करें। आज आर्थिक रूप से दिन अच्छा है। आज रुका हुआ पैसा मिल सकता है। नौकरी कर रहे लोग अपने काम के प्रति ज्यादा ध्यान देंगे, क्योंकि आपके प्रमोशन के योग बन रहे हैं।

कुंभ

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय भरपूर मेहनत करने का है। आपको अपने प्रयासों के निश्चित ही उचित परिणाम मिलेंगे। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ाने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। छात्र आज अपनी पढ़ाई व करियर के प्रति गंभीरता से प्रयासरत रहेंगे।

मीन

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप अपनी योग्यता और कार्यकुशलता द्वारा उम्मीद से ज्यादा लाभ हासिल करने वाले हैं। व्यस्तता के बावजूद कुछ समय घर परिवार व संबंधियों के साथ व्यतीत करना आपको ऊर्जावान बनाएगा। अपने किसी प्रोजेक्ट में सफलता मिलने से राहत मिलेगी।

पंजाब नेशनल बैंक में धोखाधड़ी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के आरोपी गिरफ्तार

गंडई पंडरिया (दावा)। टीकाराम साहू साकिन चकनार के द्वारा थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दो आरोपियों द्वारा पंजाब नेशनल बैंक गंडई के पास काला झिल्ली के अंदर 200000 रू है उसे बैंक में जमा करना है बोलकर प्रार्थी को 100000 रू. रख लेना और बैंक से तुम पैसा निकाले हो उसे दे दो कहकर 49000 रू. ले लिया, प्रार्थी घर जाकर देखा तो काला झिल्ली के अंदर रूमाल में सफेद लाईनिंग कागज बंधा हुआ था, उसके साथ धोखाधडी किया गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना एवं सायबर सेल जिला केसीजी से तत्काल टीम तैयार कर प्रार्थी प्रार्थी से धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों

के आने जाने के रास्ते में लगे सीसीटीव्ही कैमरा को खंघाला गया जिससे आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त किये गये वाहन एवं वाहन का नबर प्राप्त हुआ एवं सायबर सेल टीम की मदद से आरोपियों के मोबाईल का टॉवर डम्प कर मोबाईल नंबर का पता तलास किया गया, आरोपियों के मोबाईल का लोकेशन नवी मुंबई (महाराष्ट्र) में होना पाये जाने पर विशेष टीम तैयार कर नवी मुंबई महाराष्ट्र भेजा गया, आरोपी पता तलास में भेजे गये विशेष टीम के द्वारा आरोपियों के मोबाईल लोकेशन के आधार पर आरोपियों के रूकने व छुपने के स्थानों का पता तलास कर घेराबंदी कर घटना में शामील आरोपी भावेश पटेल पिता लालजी पटेल उम्र 43 साल निवासी पनवेन नवी मुंबई (महाराष्ट्र) को पकडकर पूछताछ किया गया आरोपी द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर घटना दिनांक को पंजाब नेशनल बैंक गंडई में प्रार्थी के साथ धोखाधडी की घटना कर अपने साथी को पटना बिहार में छोडना बताये जाने पर आरोपी को घटना में प्रयुक्त वाहन रिट्ज कार क्र. एम.एच. 43 ए.एफ. 7651 के साथ थाना लाकर गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर गंभीर धाराओं के तहत् गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

छीपा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का सफल आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत छीपा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एलईडी वन के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।

अधिकारियों द्वारा ग्रामीणजनों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही कहा गया कि ग्रामीण शिविर में ही योजनाओं का लाभ लेने पंजीयन कराये। शिविर में सभी संबंधित विभागों का स्टॉल लगाकर योजनाओं के बारे में बताया गया एवं पात्र हितग्राहियों से फार्म भरवाकर आवेदन भी लिया गया। शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों की जरुरतों, समस्याओं, मांगो को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही की।

स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

शिविर में स्कूली बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा मेरी जुबानी मेरी कहानी के माध्यम से योजनाओं से मिले लाभ को साझा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजापा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंत्री दिनेश वैष्णव, अध्यक्षता सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे, विशिष्ट अतिथि पंचराम वर्मा, प्रितम वर्मा, अंगद वर्मा। रामकुमार मंडल, प्यारी वर्मा, तोरण वर्मा, रोहित लिल्हारे, दीलिप साहू, नरेश, कोमल, लक्ष्मण विश्वकर्मा सहित स्कुल के शिक्षकों व मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

पहला कॉलम...

आज खेल भवन में अंतर्राज्यीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

डोंगरगाँव (दावा)। शहर के महाविद्यालय परिसर में स्थित खेल भवन में 28 से 30 जनवरी तक डोंगरगांव स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन (डीएसए) के तत्वावधान में अंतराज्यीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य के शीर्ष बैटमिंटन खिलाडियों के अलावा महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखंड, मध्यप्रदेश के भी विख्यात बैडमिंटन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिससे नगरवासियों में एक शानदार खेल देखने को लेकर काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है. यह प्रतियोगिता दो वर्ग में आयोजित की जा रही है और दोपहर 2 बजे के बाद से देर रात्रि तक खेल चलेगा. जिसमें 40 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागी व 40 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी भाग लेंगे. दोनों वर्गों के लिए नगद पुरस्कारों की घोषणा की गई है. इसके साथ ही प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए रुकने एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है. डीएसए परिवार शहर के आप सभी बैडमिंटन खेल प्रेमियों को समय पर उपस्थिति देकर खेल का आनंद लेने कहा है.

अछोली मंडई 31 जनवरी को

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली के नया अछोली में आगामी 31 जनवरी मंडई मेला का आयोजन रखा गया है व रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए तुमड़ीबोड तिलईरवार वाले लोगों की शानदार छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जिसमें ग्राम सरपंच एवं आयोजक समिति के सदस्यों ने अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपिल किया है।

घुमका पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ की कार्यवाही

दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

घुमका (दावा)। घुमका पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के बदमाशों पर कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है वहीं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। बताया जाता है कि क्षेत्र मे अपराधों की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु घुमका पुलिस ने उक्त कार्यवाही की है।

इन आरोपियों में आलोक सोनी पिता रमेश सोनी उम्र 46 वर्ष निवासी देवादा थाना घूमका, हेारीलाल वर्मा पिता बिरझु वर्मा उम्र 44 वर्ष निवासी मासूल थाना घुमका दोनों को जहां जेल भेजा गया है वहीं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में घुमका थाना क्षेत्र के ग्राम देवादा और मासूल में आये दिन शराब पीकर लोगों को डराने धमका कर दहशत फैलाने वाले, देवादा निवासी अलोक सोनी एवं मासूल निवासी होरीलाल वर्मा को 27 जनवरी के दिन धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार किया है एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उपरोक्त दोनों आरोपियों को प्रतिबंधित करने हेतु पृथक से धारा 107, 116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधित कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर दोनों अनावेदकों को जेल दाखिल किया गया है।

श्रीराम चरित सम्मेलन में श्रोताओं ने किया रामकथा का रसपान

शोभायात्रा निकाल कार्यक्रम को दिया गया विराम

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर के पंडरिया स्थित वार्ड क्रमांक 1 दैहान चौक में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्रीराम चरित मानस गान का आयोजन किया गया था, जिसमें दूर-दूर से मंडलियों ने आकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए रामकथा का रस पान करवाया। महिला मंडलियों द्वारा दिये गए प्रस्तुति से श्रोतागण बहुत प्रभावित हुए।

बता दे कि पंडरिया वार्ड नम्बर 01 में 22 जनवरी से 26 जनवरी तक श्रीराम चरित मानस गान का आयोजन, आयोजक समिति नव युवामंडल द्वारा सभी ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया था, जिसका समापन 26 जनवरी को शोभायात्रा निकाल कर किया गया। शोभायात्रा को पंडरिया के विभिन्न मार्गों पर ले जाया गया जहां नगरवासियों ने शोभायात्रा की पूजा अर्चना कर स्वागत किये। 5 दिनों तक चले इस मानस गान सम्मेलन में मंचस्थ 25 मंडलियों ने राम रस कथा का रसपान करवाते हुए जीवन के उतार चढ़ाव से परिचित करवाते हुए सुखमय जीवन के लिए भक्ति मार्ग को अपनाने की बाते कही। कार्यक्रम के अंत में सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें बेस्ट मंडलियों सहित नगर के युवाओं और प्रबुद्धजनों को गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। बताया गया कि उक्त आयोजन में 4 मंडलियां स्थानीय थे एवं 21 मंडलियां दूर दराज से आये हुए थे। बता दे कि पूरे आयोजन में आयोजक समिति के अध्यक्ष रेवाराम पटेल, उपाध्यक्ष रामप्रसाद साहू, हेमलाल यदु, सचिव हेमन्त झरिया, कोषाध्यक्ष तामेश्वर साहू, सहसचिव गजराज यादव, द्वारिका साहू, उपकोषाध्यक्ष रामकृपाल डहरिया, संतोष सिन्हा सहित नगरवासी लगातार हर दिन उपस्थित रहे थे। पूरे कार्यक्रम में मंच का संचालन बालकिशन यादव पूर्व पार्षद सहित अलख साहू एवं संजय साहू ने किया।

आज भिलाई व उड़ीसा के बीच खिताबी भिड़ंत

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम बडगांव में दिग्विजय फुटबाल क्लब के तत्वावधान् में खेले जा रहे अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता के फायनल में कल बीएसपी भिलाई तथा ब्रम्हविद फुटबाल एकेडमी उड़ीसा के बीच खिताबी भिड़न्त होगी। इससे पहले आज खेले गये सेमीफायनल मैच में उड़ीसा ने मध्यप्रदेश को तथा भिलाई ने कोरबा को शिकस्त देकर फायनल में शानदार प्रवेश किया।

बता दें कि नगर से सटे ग्राम बरगांव में लगातार पिछले 26 वर्षों से फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यों के ख्यातिप्राप्त फुटबाल टीमें हिस्सा लेती हैं। आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष स्व. दाऊ बिहारीदास वैष्णव की स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 जनवरी से हुआ था। लीग आधार पर खेले जा रहे स्पर्धा का सेमीफायनल मैच आज खेला गया।

पहला सेमीफायनल मैच आज ब्रम्हविद फुटबाल एकेडमी उड़ीसा तथा इलेवन स्टॉर क्लब मध्यप्रदेश के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक रहा। काफी मौकों व एक दूसरे के गोल पोस्ट पर हमलों के बावजूद निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। जिसके बाद अतिरिक्त समय भी दिया गया। इसके बाद भी स्कोर 0-0 से बराबर रहने के बाद पेनाल्टी शूटआऊट का फैसला लिया गया, जिसमें उड़ीसा की टीम 5-4 से विजयी रही।

दूसरा सेमीफायनल मैच एसीबी इंडिया प्रालि कोरबा तथा बीएसपी भिलाई के मध्य खेला गया। इस मैच में शुरूआती छठवें मिनट में ही भिलाई टीम के 15 नंबर जर्सी पहले खिलाड़ी ने शानदार मूवमेंट के साथ मैदानी गोल करके अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। इसके बाद काफी देर तक मैच चलता रहा। मध्यान्तर के पहले कोरबा ने भी एक गोल करके अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। मध्यान्तर के बाद फिर भिलाई की टीम ने गोल करके अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिला दी, जो अंतिम तक कायम रहा। इस प्रकार भिलाई की टीम ने फायनल में प्रवेश किया।

पत्रकार बने सेमीफायनल मैच में अतिथि

आज के दूसरे सेमीफायनल मैच में नगर के पत्रकारों को अतिथि बनाकर आमंत्रित किया गया था। जिसके बाद नगर के बालकृष्ण सिन्हा, प्रेम गोस्वामी, गोविन्द गुप्ता, दिवाकर सोनी, महेन्द्र लेंझारे तथा टिंकू देवांगन बतौर अतिथि स्पर्धा में उपस्थित हुए और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर आयोजन समिति से जुड़े संतोष वैष्णव, उत्तम निषाद, देवेन्द्र नागेश्वर, मुकेश श्रीवास, डोमेन्द्र श्रीवास, चेतन मानिकपुरी, डोमार मंडावी सहित अन्य उपस्थित थे।

फायनल व पुरूस्कार वितरण समारोह आज

ग्राम बडगांव में खेले जा रहे अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का फायनल कल ब्रम्हविद फुटबाल एकेडमी उड़ीसा तथा बीएसपी भिलाई के बीच खेला जायेगा। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी करेंगे। कल खेले जाने वाले रोमांचक फायनल मैच को देखने के लिए खेलप्रेमियों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील आयोजन समिति ने की है।

ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र पर्व

डोंगरगढ़/अछोली (दावा)। 75वें गणतंत्र पर्व को ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मनाया गया। ग्राम अछोली करवारी, नांगतराई, हरनसिंघी सहित अन्य ग्रामों में गणतंत्र पर्व का समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। ग्राम अछोली के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों द्वारा तिरंगे झंडे के साथ प्रभात फेरी निकल गई जो गांव के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए ग्राम पंचायत भवन में पहुंची।

इस अवसर पर चुमन दास साहू, संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, लता साहू, ब्लॉक महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, महामंत्री रूपेश वर्मा, पंचायत प्रतिनिधी, नंद कुमार साहू, मूलचंद साहू, भारती साहू, रोजगार सचिव पूनम कोर्राम, कोटवार सुख सागर, योधन दास साहू, घनश्याम साहू, पंचायत सचिव पूर्णिमा मंडावी, योगेश्वरी शोमी सहित स्कूल के छात्र छात्राएं व ग्रामिणजन उपस्थिति थे। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती मनीषा नेताम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रसादी वितरण के पश्चात प्रभात फेरी पुनः स्कूल प्रांगण में पहुंची, जहां ध्वजारोहण किया गया। स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ग्राम नागतराई में प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला एवं सरस्वती शिशु मंदिर तथा पंचायत भवन में उपस्थित मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। ग्राम के तीनों स्कूलों में संयुक्त रूप से स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक एवं पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम सरपंच क्षत्रिय वर्मा, मोहन साहू, परस राम वर्मा, रमेश वर्मा, दीपक साहू, भुवन पटेल, नरेश साहू, के साथ स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे। ग्राम हरनसिंघी में प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी के पश्चात ग्राम पंचायत भवन में ध्वजारोहण पश्चात ग्राम सरपंच शीशपाल कंवर, रंजीत यादव, सतीश मंडावी, उत्तम ठाकरे, भरत कोसरे, चित्रेशगिरी, रोमन ठाकरे की उपस्थिति में छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

सार्वजनिक स्थल पर शराबखोरी तीन पकड़ाए

डोंगरगांव (दावा)। थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते अवैध शराबखोरी के चलते डोंगरगांव पुलिस अब लगातार कार्यवाही कर रही है.

धरपकड़ की इस कार्यवाही में डोंगरगांव नया बस स्टैण्ड में तीन आरोपी विवेक तिवारी पिता हरिनारायण तिवारी, 33 वर्ष निवासी मोंगरा कॉलोनी डोंगरगांव, हेमलाल साहू पिता भुनेश्वर साहू 47 वर्ष निवासी मोंगरा कॉलोनी डोंगरगांव एवं आकाश टांडेकर पिता संतोष टांडेकर, 30वर्ष निवासी वार्ड नं0 01 किल्लापारा डोंगरगांव को सार्वजनिक स्थल में शराब सेवन करने से उनके खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है.

कलेक्टर एस.जयवर्धन ने कलेक्टोरेट में फहराया तिरंगा

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने गणतंत्र दिवस पर्व पर कलेक्टोरेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कलेक्टर जयवर्धन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने

और गंभीरतापूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य अपनी एक अपेक्षा और उम्मीद के साथ उपस्थित होते हैं। हमारा दायित्व है कि हम उनकी समस्या का निदान कर उन्हें लाभान्वित करें। कलेक्टर ने कहा की आगामी समय से और बेहतर कार्य करते हुए जिले का नाम रोशन करें। इस मौके पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुश्री दीप्ति गौते, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

जीवंत स्केचिंग से दिल जीत रहा तिलईरवार का बेटा प्रवीण सहारे

डोंगरगाँव (दावा)। अंचल के ग्राम-तिलईरवार (टप्पा) की उम्दा व प्रतिभावान कलाकार प्रवीण सहारे पिता नत्थूलाल सहारे अपनी जीवंत स्केचिंग के जरिए सभी का दिल जीत रहा है. चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि अपने माँ-पिता से बड़ी हस्तियों के चित्र बनाया सीखा है और वह अपने परिवार के साथ ही रहता है और उनके पिता किराना व्यवसायी हैं.

नामी हस्तियों के हुबहू स्केच बना चुका है छात्र = मिली जानकारी के अनुसार छ.ग. के सुप्रसिद्ध लोकगायक कान्ति कार्तिक यादव व राजनांदगांव की महापौर हेमा देशमुख का पेंसिल से स्केच बना चुका है जिसमें प्रवीण को काफी सराहना मिली. प्रवीण एम.एस.सी. बॉयोटेक्नोलॉजी का पढ़ाई के साथ ही बच्चों को पेंटिंग बनाना भी सीखता है. गुरुवार को रायपुर (गुढ़ियारी) में श्रीमद भागवत कथा का आयोजित हुआ, जिसमें अनिरुध्याचार्यजी महाराज को एक सुंदर चित्र बनाकर उन्हें सप्रेम भेंट किया है.



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मे वार्षिक उत्सव एवं पालक सम्मेलन आयोजित

अंबागढ़ चौकी (दावा)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मोहला एवं मानपुर में वार्षिक उत्सव एवं पालक सम्मेलन आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस. जयवर्धन कलेक्टर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, विशिष्ट अतिथि श्रीकांत दुबे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग मोहला-मानपुर-अ.चौकी एवं पालक समिति अध्यक्ष सुरेश उइके साथ ही पालकगण की उपस्थिति उक्त कार्यक्रम में रही। सर्वप्रथम कलेक्टर जयवर्धन ने छात्रों द्वारा तैय्यार किये गये मॉडल को देखकर उसके बारे में छात्रों के प्रस्तुतिकरण को सुना एवं आवश्यक जानकारी बच्चों को दी। छात्रों द्वारा बनाये गये पोस्टर का अवलोकन कर बच्चों को आवश्यक सुझाव दिया गया। छात्रों के द्वारा तैयार किये गये हस्तशिल्प मिट्टी के विभिन्न कलाकृतियों की सराहना कलेक्टर जयवर्धन द्वारा किया गया। केक खिलाकर छात्रों को कलेक्टर ने वार्षिक उत्सव की बधाई दी। वार्षिक उत्सव में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिता कबड्डी, खो-खो, दौड़, क्रिकेट, शतरंज एवं साहित्यिक प्रतियोगिता निबंध लेखन, वाद-विवाद तथा रंगोली के प्रतिभागियों

को कलेक्टर एवं अध्यक्ष पालक समिति ने पुरुस्कार से सम्मानित किया। नृत्य एवं नाटक कार्यक्रम पश्चात् कलेक्टर ने पालक सम्मेलन को संबोधित करते हुए बच्चों को लक्ष्य बनाकर बेहतर शिक्षा हासिल करने की बात कही।

उन्होंने कहा शिक्षा के माध्यम से ही काबिल इंसान बनकर आप समाज एवं राष्ट्र के प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होने बच्चों से तनावमुक्त होकर पढ़ाई करने एवं मनोरंजक तरीके से पढाई करने के टिप्स बच्चों को दिये पालकों से बच्चों की पढ़ाई की जानकारी समय-समय पर लेते रहने निवेदन किया। पालक सम्मेलन में उपस्थित पालकों से विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सुझाव प्राप्त किया। पालक समिति अध्यक्षों से संस्था के संचालन को बेहतर बनाने के विषय पर अपनी बात रखी। सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे ने बताया कि विभाग के अधिकारी कर्मचारी सेवा भाव से संस्था का संचालन कर बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने का कार्य करते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य, भोजन एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए बच्चों को बेहतर वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदाय किया जाता है। कलेक्टर महोदय ने छात्रों एवं पालकों के साथ बैठ भोजन किया एवं छात्रों से संस्था संबंधित जानकारी सुनि अन्त में कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त ने वृक्षारोपण कर प्रकृति से जुड़ने प्रेरित किया कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य टी.एस. कारटे एवं शिक्षक तथा स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आलोक मिलिंद, प्रज्ञारत्न गोडबोले, टोमेन्ह ठाकुर, कांता बंसोड,सुमन मेश्राम, शशि नेताम, विवेक ठाकुर, गोविंद भारद्वाज, विनोद मालेकर, जीवन साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अन्त में आभार प्रदर्शन एवं समाप्ति की घोषणा विकास मानिकपुरी अधीक्षक, बालक छात्रावास एकलव्य मोहला ने की तथा सफल संचालन एवं अतिथियों की उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

लिटिया में मां शाकम्भरी जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम लिटिया में मां शाकंभरी पटेल समाज ग्राम लिटिया द्वारा अन्न, साग-सब्जी, फल-फूल की दात्री मां अन्नपूर्णा मां शाकम्भरी देवी की जयंती महोत्सव बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

संगीत कीर्तन के साथ माता जी का भव्य कलश यात्रा निकाला गया तत्पश्चात मां शाकंभरी मंदिर में माता जी का हवन पूजन अभिषेक किया गया प्रसादी वितरण के पश्चात सामाजिक भोज का आयोजन किया गया साथ ही संध्या में माधुर्य मानस परिवार पोटियाडीह धमतरी जिला का सुमधुर संगीतमय मानस पाठ का कार्यक्रम रखा गया और इस समूचे कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि व कार्यक्रम अध्यक्षता के रूप में मधुसूदन यादव प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं विशेष अतिथि के रूप में जीवन पटेल संरक्षक पटेल समाज हल्दीघाट राज के गरिमामय आतिथ्य में संपन्न हुआ माननीय मधुसूदन यादव जी ने सामाजिक जनों को और ग्रामवासियों को मां शाकंभरी जयंती की मां अन्नपूर्णा देवी की जयंती की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाईयां प्रेषित किया।

समाज के द्वारा नारी शक्ति सम्मान के रूप में श्रीमती रम्हला पटेल जी को गांव में प्रसूति सेवा के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने और उसके योगदान स्वरूप सम्मान प्रेषित किया गया।

पहला कॉलम...

एयरोमैक्सिको विमान का इमरजेंसी गेट खोल विंग पर चढ़ा शख्स

मेक्सिको सिटी। ग्वाटेमाला सिटी जाने वाली एयरोमैक्सिको उड़ान में सवार एक यात्री ने विमान का इमरजेंसी गेट खोल दिया और कुछ देर के लिए विमान के विंग पर चढ़ गया। मेक्सिको सिटी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई इस घटना से यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए है।हवाई अड्डे ने एक बयान में पुष्टि की कि घटना के बाद उस व्यक्ति को पुलिस को सौंप दिया गया था। हालांकि, शख्स द्वारा किए गए व्यवहार पर अन्य यात्रियों ने अपना समर्थन व्यक्त किया है। दर्जनों साथी यात्रियों ने एक बयान की लिखित प्रति पर हस्ताक्षर किए जिसमें कहा गया था कि उड़ान में देरी होने पर एयरलाइन ने उन्हें बिना वेंटिलेशन या पानी के चार घंटे तक इंतजार कराया था। शख्स ने ऐसी हरकत सभी के समर्थन में किया है। हवाईअड्डे ने एक बयान में कहा, %कल (शुक्रवार) ग्वाटेमाला की उड़ान में एक यात्री ने विमान का आपात्कालीन दरवाजा खोल दिया और विमान के विंग पर चढ़ गया। फिर किसी को भी प्रभावित किए बिना शख्स दोबारा विमान में आया। बता दें कि विमान स्थान पर ही खड़ी थी। अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नियमों के अनुसार, व्यक्ति ने खुद को अधिकारियों को सौंप दिया है।

स्पाइसजेट का शेयर डबल हुआ

नई दिल्ली। विमानन कंपनी स्पाइसजेट का शेयर पिछले 6 महीने में डबल हो गया है। आपको बता दें कि 27 जुलाई, 2023 को स्पाइसजेट के प्रति शेयर का भाव 29.49 रुपये था जो अब बढ़कर 61 रुपये के पार पहुंच गया है। इस तरह स्पाइसजेट के स्टॉक में निवेश करने वाले निवेशकों का पैसा डबल हो गया है। अब खबर आई है कि एयरलाइंस कंपनी ने अपने तरजीही आवंटन की पहली किस?त में कुल 744 करोड़ रुपये के शेयर और वारंट आवंटित किए हैं। कंपनी के निदेशक मंडल ने यह निर्णय लिया है, जो स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि स्पाइसजेट के मैनेजमेंट के इस कदम से कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। इसका असर एयरलाइंस के शेयरों पर देखने को मिल सकता है। शेयर के भाव में तेजी आ सकती है। एयरलाइन के प्रवक्ता के मुताबिक, निदेशक मंडल ने 54 ग्राहकों को तरजीही आधार पर 5.55 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित करने की मंजूरी दे दी है।

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को दी बड़ी राहत

इस्लामाबादः पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आम चुनावों से पहले बड़ी राहत दी है। अब उनकी पार्टी के कई नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी है। इसे इमरान खान की बड़ी जीत माना जा रहा है। हालांकि इमरान खान अभी भी जेल में हैं और उन्हें आम चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई है। इमरान खान तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में जेल काट रहे हैं। उन्हें कोर्ट ने चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य ठहरा रखा है। मगर उनके पार्टी के कई अन्य नेताओं को अब चुनाव में भाग लेने की अनुमति दे दी है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के नेताओं की ओर से दायर एक याचिका पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इसके अध्यक्ष परवेज इलाही और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं को 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी। खान इस वक्त जेल में बंद है। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) और चुनाव न्यायाधिकरण द्वारा उनकी उम्मीदवारी की अस्वीकृति के खिलाफ दायर इलाही की अपील पर सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने पीटीआई के अन्य नेताओं उमर असलम, ताहिर सादिक, सनम जावेद और शौकत बसरा को भी आगामी आम चुनाव लड़ने की अनुमति दी। (भाषा)

कैरोलिना में भी निक्की हेली पर भारी पड़े ट्रंप

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव-2024 के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवार बनने की होड़ में शामिल डोनॉल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच मुकाबला जारी है। न्यू हैम्पशायर में जीत दर्ज करने के बाद अब दक्षिण कैरोलिना के पहले चुनाव में भी ट्रंप को भारी समर्थन मिलता दिख रहा है। ट्रंप ने हेली को 27 फीसदी मतों से हराया है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2024 में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार होने की होड़ में सबसे आगे चल रहे डोनॉल्ड ट्रंप ने निक्की हेली को साउथ कैरोलिना में भी हरा दिया है। पूर्व राष्ट्रपति ने दक्षिण कैरोलिना के पहले चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने निक्की हेली को 27त्न मतों से हराया। दक्षिण कैरोलिना में 2024 जीओपी प्राइमरी पोल में डोनाल्ड ट्रम्प ने 58त्न समर्थन के साथ अपना दबदबा बनाए रखा। जबकि उनको चुनौती देने वाली निक्की हेली 31त्न वोटों से पीछे रहीं। ट्रंप की लगातार यह तीसरी जीत है। इससे 2024 का मुकाबला बाइडेन बनाम ट्रंप होने की संभावना और बढ़ गई है। एक नए सर्वेक्षण से पता चलता है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अपने ही राज्य दक्षिण कैरोलिना में 2024 की अपनी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली पर भारी बढ़त हासिल है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 से जीत दर्ज की

केप टाउन। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 की सनसनीखेज जीत दर्ज की। मैच में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (2), अभिषेक (13) और सुमित (30) ने टीम की जीत तय की।

मैच की शुरुआत भारत को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिलने से हुई और कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मिनट में नेट के पीछे से एक शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक मारकर भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी। पहले क्वार्टर में कुछ ही मिनट बचे थे, अभिषेक (13) ने आक्रामक कदम का भरपूर फायदा उठाया और दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर को छकाकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका के कई हमलों के बावजूद भारत की रक्षापंक्ति ने संयम बनाए रखा और क्लीनशीट हासिल करने के अपने दृढ़ संकल्प पर कायम रही। मध्यांतर के तुरंत बाद सुमित (30) एक और फील्ड गोल करने में सफल रहे और भारत ने 3-0 की बढ़त ले ली।

मध्यांतर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने गोल करने में तेजी दिखानी शुरू कर दी, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने किले पर पकड़ बनाए रखी। तीसरे क्वार्टर में दोनों छोर पर काफी गतिविधियां देखने को मिलीं, लेकिन दोनों में से कोई भी टीम नेट हासिल करने में सफल नहीं हो सकी। खेल के अंतिम 15 मिनट में दक्षिण अफ्रीका ने गोल की कोशिश जारी रखी, लेकिन भारत ने खतरे को टालने के लिए सर्कल में अपनी पकड़ बनाए रखी। अंतिम सीटी बजते ही भारत ने 3-0 से आसान जीत हासिल कर ली। भारत दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अपना आखिरी मैच 28 जनवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

ग्वाटेमाला में 6.0 तीव्रता से कांपी धरती

ग्वाटेमाला सिटी। मध्य अमेरिका के ग्वाटेमाला में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। ग्वाटेमाला की भूकंप विज्ञान एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार देर रात ग्वाटेमाला के दक्षिणी प्रशांत तट पर 6.0 तीव्रता का भूकंप आया।

समाचार एजेंसी रायटर ने भूकंप विज्ञान एजेंसी के हवाले से बताया कि 6.0 तीव्रता वाला भूकंप एस्कुइंटला क्षेत्र में आया है। भूकंप के झटके पड़ोसी देश अल साल्वाडोर में भी किए गए हैं। हालांकि, भूकंप के कारण किसी को कई हानि नहीं पहुंची है।

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, शुक्रवार देर रात ग्वाटेमाला के दक्षिणी प्रशांत तट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता तेज होने के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। इसके साथ ही इमारतों को नुकसान की शुरुआती रिपोर्टें सामने आई है।

ग्वाटेमाला की आपातकालीन सेवा एजेंसी कॉनरेड ने कहा कि भूकंप के केंद्र के उत्तर-पश्चिम में सैन पाब्लो शहर में एक चर्च के सामने का हिस्सा गिर गया है। अल साल्वाडोर के अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के झटके तेज थे। आधी रात को आए भूकंप के झटकों के कारण किसी के घायल होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। अधिकारी ने कहा कि वह हालातों पर नजर रख रहे हैं।जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने भूकंप की तीव्रता 6.1 मापी है। उन्होंने कहा कि भूकंप का केंद्र 119 किमी (73.9 मील) की गहराई पर था।

गिलगित-बाल्टिस्तान में महंगाई की मार से हाहाकार, सड़कों पर उतरे गुस्साए लोग; इंटरनेट भी बंद

गिलगित-बाल्टिस्तान। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में महंगाई की मार ने आम जनता की कमर तोड़कर रख दी है। बढ़ती महंगाई के खिलाफ अब लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, गिलगित-बाल्टिस्तान के सभी जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इस प्रदर्शन में लोग शामिल हो रहे हैं, जिसके चलते यातायात भी निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा गिलगित, स्कर्दू, डायमर, घाइजर, एस्टोर, शिघर, घनचे, खरमंग और हुंजा के विभिन्न इलाकों में दुकानें, बाजार, रेस्टोरेंट और व्यापार केंद्र शुक्रवार को बंद रहे।

पाकिस्तान के इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एंड इकोनॉमिक अल्टरनेटिव्स की शोधकर्ता मरियम एस खान ने कहा कि पीओके के सबसे बड़े टेलीकॉम ऑपरेटर, स्पेशल कम्युनिकेशंस ऑर्गनाइजेशन ने गिलगित-बाल्टिस्तान में इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया है। वहीं, एक एक्स यूजर ने सीनेटर फरहतुल्ला बाबर ने बताया कि गिलगित-बाल्टिस्तान पाकिस्तान का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां लोगों के पास अपनी जमीन नहीं है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अवामी एक्शन कमेटी ने घोषणा की है कि बढ़ती महंगाई के खिलाफ गिलगित और स्कर्दू की ओर मार्च आज से शुरू होगा। लोगों ने गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के सब्सिडी वाले गेहूं की दर बढ़ाने के फैसले की निंदा की और इसे मुख्यमंत्री की विफलता करार दिया।

91 साल में पहली बार जडेजा, जायसवाल और राहुल ने इतिहास के पन्नों में दर्ज करवा लिया नाम

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट मुकाबला जारी है. इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करवा लिया है. भारतीय क्रिकेट के 91 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने एक दुर्लभ रिकॉर्ड अपने साथ जोड़ लिया है.

भारत के लिए पहली पारी में रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 87 रन बनाए. रवींद्र जडेजा के अलावा केएल राहुल ने 86 रन और यशस्वी जायसवाल ने 80 रनों की पारी खेली. भारतीय क्रिकेट के 91 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब तीन बल्लेबाज एक पारी में 80स् (80 से 89 रन के बीच) में आउट हुए हैं. यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा तीनों ही बल्लेबाज बेहद बदकिस्मत रहे कि वह अपने शतक पूरे नहीं कर पाए.

भारत की तरफ से ये अनचाहा रिकॉर्ड पहली बार बना है. वहीं, ओवरऑल टेस्ट क्रिकेट में ये सातवां मौका है जब तीन बल्लेबाज एक टेस्ट पारी में 80स् (80 से 89 रन के बीच) में आउट हुए हैं. बता दें कि इंग्लैंड ने तेजी से खराब हो रही असमान पिच पर फुर्ती से रन बनाने की कोशिश में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन खबर लिखे जाने तक 3 विकेट पर 119 रन बना लिए. जॉनी बेयरस्टो 1 रन और ओली पोप 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं. भारत पहली पारी में 436 रनों पर सिमट गई, जिसमें रवींद्र जडेजा (87) और अक्षर पटेल (44) व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल करने में नाकाम रहे.

भारत रात के सात विकेट पर 421 रन के स्कोर में केवल 15 रन ही जोड़ सका, लेकिन उसने 190 रनों की बढ़त हासिल की. भारत देर तक बल्लेबाजी नहीं कर

इंडोनेशिया ओपन : किरण जॉर्ज क्वार्टर फाइनल में हारे

जकार्ता। इंडोनेशिया मास्टर्स में भारतीय शटलर किरण जॉर्ज की प्रभावशाली यात्रा क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गई, क्योंकि उन्हें मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न के मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ा।

अथक प्रयास करने के बावजूद, किरण जॉर्ज ने 43 मिनट तक चली कड़ी लड़ाई में दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी के सामने 14-21, 6-21 के अंतिम स्कोर के साथ हार मान ली।

क्वार्टरफाइनल हार ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती के समापन को चिह्नित किया।

इससे पहले, दुनिया के 19वें नंबर के लक्ष्य सेन और 30वें नंबर के प्रियांशु राजावत अपने-अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे। इसके अतिरिक्त, भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और



चिराग शेट्टी, अपने पिछले दो मुकाबलों में लगातार फाइनल में पहुंचने के बावजूद टूर्नामेंट से हट गए। किरण जॉर्ज, जिन्होंने प्री-क्वार्टर में चीनी खिलाड़ी लू गुआंग जू को हराकर हलचल मचा दी थी, कुनलावुत विटिडसार्न के खिलाफ खुद को बैकफुट पर पाया। मध्य-गेम ब्रेक में अंतर को कम करने के लिए रैली करने के बावजूद, थाई शटलर ने अपना कौशल दिखाया, शुरुआती गेम को सुरक्षित किया और उस गति को दूसरे गेम में बरकरार रखा।

दूसरे गेम में विटिडसर्न का दबदबा स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने ब्रेक के दोनों ओर लगातार 11 अंक बनाकर 18-5 की मजबूत बढ़त बना ली। इस जोरदार प्रदर्शन के साथ, विटिडसर्न ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जहां उनका मुकाबला डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। कुनलावुत विटिडसर्न के लिए, यह जीत विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह 2017 में मलेशिया इंटरनेशनल सीरीज़ में उनके पिछले मुकाबले के बाद, वरिष्ठ स्तर पर किरण पर उनकी पहली जीत थी।

नासा के वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह पर की प्राचीन झील की पुष्टि, जीवन की बढ़ी संभावना

नई दिल्ली। नासा के वैज्ञानिकों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पहली बार वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह पर प्राचीन झील होने का दावा किया है। इससे लाल ग्रह पर जीवन की संभावना बढ़ गई है। नासा द्वारा मार्श ग्रह पर भेजे गए रोवर द्वारा एकत्रित डेटा से लाल ग्रह पर प्राचीन झील तलछट की पुष्टि हुई। नवीनतम अध्ययन ने इस पुष्टि का स्वागत करते कहा है कि वैज्ञानिकों ने आखिरकार इस ग्रह पर सही जगह पर अपने भू-जैविक मंगल प्रयास को अंजाम दिया है।

शुक्रवार को प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, नासा के रोवर पर्सिवियरेंस ने पानी द्वारा जमी प्राचीन झील तलछट के अस्तित्व की पुष्टि करने वाले डेटा एकत्र किए हैं, जो कभी मंगल ग्रह पर जेरेज़ो क्रेटर नामक एक



विशाल बेसिन को भरते थे।

रोबोटिक रोवर द्वारा किए गए ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार अवलोकनों के निष्कर्ष पिछले कक्षीय इमेजरी और अन्य डेटा की पुष्टि करते हैं, जिससे वैज्ञानिकों को यह सिद्धांत मिला है कि मंगल के ये हिस्से एक बार पानी से ढके हुए थे और वहां माइक्रोबियल जीवन हो सकता है। लॉस एंजिल्स में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसीएलए) और ओस्लो विश्वविद्यालय की टीमों के नेतृत्व में किया गया शोध साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित हुआ है। वर्ष 2022 में कई बार कार के आकार के छह-पहियों वाले रोवर ने मंगल ग्रह के उपसतह का स्कैन किया था। रोवर जब मंगल ग्रह की सतह के पार कक्षा से मिलते-जुलते, तलछटी जैसी विशेषताओं के आसन्न विस्तार पर क्रेटर अपना रास्ता बना रहा था।

शेष प्रथम पृष्ठ का

देश के युवाओं के सपने पूरे करेगा विकसित भारत- मोदी

के रूप में माना गया है, जिन्होंने अंग्रेजों को कुचल दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने देश में नारी शक्ति की इस ऊर्जा को लगातार मजबूत किया है। उन्होंने उन क्षेत्रों में महिलाओं के प्रवेश में सभी बाधाओं को दूर करने का उल्लेख किया जो कभी वर्जित या सीमित थे और तीनों रक्षा बलों की अग्रिम पंक्ति को खोलने, रक्षा में महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन, और कमांड भूमिकाओं और युद्ध पदों को खोलने का उदाहरण दिया। प्रधान मंत्री ने कहा, चाहे अग्निवीर हों या लड़ाकू पायलट, महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने सैनिक स्कूलों में छात्राओं के लिए प्रवेश खोलने का भी जिक्र किया। श्री मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है, जबकि राज्यों को राज्य पुलिस बल में अधिक महिलाओं की भर्ती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के कारण प्रतिभा पूल में वृद्धि विकसित भारत के निर्माण का प्रतीक है। भारत के पासपोर्ट की बढ़ती ताकत की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, पूरी दुनिया भारत को 'विश्व मित्र' के रूप में देख रही है। कई देश भारत के युवाओं की प्रतिभा और कौशल में अवसर देख रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में भारत के उद्भव को स्वीकार करते हुए, प्रधान मंत्री ने युवाओं के बीच उद्यमशीलता की भावना की प्रशंसा करते हुए कहा, आज, भारत 1.25 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और सौ से अधिक यूनिकॉर्न का घर है।

इस मौके पर रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह, एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, रक्षा राज्य मंत्री, अजय भट्ट, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने उपस्थित थे।

राजभवन में स्वागत समारोह हुआ सम्पन्न

झांकी प्रदर्शन में ग्रामोद्योग विभाग को मिला प्रथम स्थान

रायपुर। छत्तीसगढ़ में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने सभी अतिथियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंटकर गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में विभिन्न विभागों की ओर से झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर ग्रामोद्योग विभाग, द्वितीय स्थान पर जेल विभाग और तृतीय स्थान पर समाज कल्याण विभाग की झांकी रही। राज्यपाल हरिचंदन ने इन विभागों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

स्वागत समारोह में स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रायपुर सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, अमितेष शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, सेना के प्रमुख अधिकारी सराहनीय सेवाओं के लिए पदक प्राप्त पुलिस के अधिकारी, पद्मश्री से सम्मानित व्यक्ति, राज्य वीरता पुरस्कार प्राप्त बच्चे, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सामारोह में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, विशेष पुलिस महानिदेशक संजय पिल्ले, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, छत्तीसग? मानव अधिकार आयोग के सदस्य नीलम चंद सांखला, प्रमुख सचिव निहारिका बारीक, सचिव शहला निगार, छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के सीईओ एमके राउत, सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी, राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, रेडक्रॉस के चेयरमेन अशोक अग्रवाल, पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव श्रीवास्तव उपस्थित थे। समारोह में पद्मश्री पुरस्कृत डॉ. भारती बंधु, मदन चौहान, शमशाद बेगम, उषा बारले, शहीदों के परिजन, पुरस्कृत खिलाड़ी, मीडिया प्रतिनिधि, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय की बहनें सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

डी कॉक ने डरबन सुपर जाएंट्स को शीर्ष स्थान पर पहुंचाया

पार्ल। क्विंटन डी कॉक ने बोलैंड पार्क में डरबन के सुपर जायंट्स को एसए20 तालिका में शीर्ष पर पहुंचाया. सुपर जाइंट्स के लिए 51 गेंदों में 83 रन बनाकर अपने मेजबान पार्ल रॉयल्स को शिखर पर पहुंचाने से पहले, डी कॉक पूरे सीज़न 2 में अपेक्षाकृत शांत रहे।

अपरिचित नंबर 4 स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए, डी कॉक क्रीज पर जॉन जॉन स्मट्स (52) के साथ शामिल हुए और इस जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए केवल 82 गेंदों पर 118 रन जोड़ेइसके बाद डी कॉक को हेनरिक क्लासेन का साथ मिला, जिन्होंने आक्रामक की भूमिका निभाते हुए केवल नौ गेंदों में 30 रन बनाकर डीएसजी को 190/3 तक पहुंचाया।लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत सकारात्मक रही, लेकिन एक बार जब जेसन रॉय स्मट्स की गेंद पर क्लीन बोल्ड होकर आउट हो गए, तो घरेलू टीम की शेष बल्लेबाजी बढ़ती रन गति के साथ टिक नहीं सकी।रॉयल्स लाइन-अप में फिर से फिट कप्तान डेविड मिलर के वापस आने के बावजूद, सुपर जायंट्स की गेंदबाजी इकाई कार्यवाही पर मजबूत पकड़ बनाए रखने में कामयाब रही।

यह केवल रॉयल्स के प्रमुख रन-स्कोरर जोस बटलर थे, जिन्होंने 36 गेंदों में 44 रन बनाकर अपनी टीम की पारी को बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन एक बार जब वह डीएसजी के कप्तान केशव महाराज की गेंद पर कैच आउट हो गए तो सभी प्रतिरोध टूट गए।

मार्कस स्टोइनिस (3/24) और रीस टॉपले (2/27) के सामने महाराज ने एक बार फिर 2/24 के स्पैल के साथ शानदार प्रदर्शन किया और रॉयल्स को 133 रन पर रोक दिया।

डीएसजी अब 23 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है और उसके बाद रॉयल्स 22 अंकों के साथ एक अंक पीछे है।

गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय कार्यालयों में फहराया गया तिरंगा, देशभक्ति गीतों की रही धूम

गंडई पंडरिया (दावा)। 75 वी गणतंत्र दिवस के अवसर पर गंडई नगर में सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं देशभक्तों के कार्यालयों में झंडारोहण किया गया। भारत माता की तैल चित्र की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसाद स्वरूप सेव बूंदी का पारंपरिक प्रसाद वितरण किया गया। बता दे कि सुबह से ही नगर के स्वामी आत्मानन्द स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, नवीन स्कूल, केसीजी फ्यूचर स्कूल सहित अन्य स्कूलों के बच्चे और शिक्षकों ने अपने अपने स्कूलों में झंडा रोहन किया जिसके बाद सभी स्कूलों के बच्चो के साथ रैली निकाली गई रैली जब नगर के हटरी चौक में पहुंची तब वहां युवराज लालटारकेश्वर शाह खुशरो ने ध्वजारोहण किया इसी प्रकार नगर के हृदयस्थल तिरंगा चौक में नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन ने झंडारोहण किया।नगर पंचायत गंडई में उपाध्यक्ष जाबिद खान ने झंडारोहण किया। लगभग 9 बजकर 30 मिनट में प्रेस क्लब गंडई में प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद नामदेव के द्वारा झंडारोहण किया गया। आये हुए अतिथियों का तिलक लगा कर प्रेस क्लब गंडई में स्वागत किया गया।प्रेस क्लब में आये हुए आगन्तुको ने अपनी अपनी विचार प्रगट किये जिसमे साहित्यकार डॉक्टर पीसी लाल यादव, रिटायर्ड बैंक कर्मचारी मानिकपुरी सहित प्रेस क्लब गंडई के संरक्षक अनिल अग्रवाल, दिलीप ओगरे, व्यापारी असलम मेमन, नगर पंचायत गंडई के उपाध्यक्ष जाबिद खान ने अपनी बातें रखी जिसमें प्रमुख रूप से गंडई क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाये सहित नगर की एकमात्र सुरही नदी के रख रखाव और उसके खतरे में पड़ते अस्तित्व को बचाने की बाते रखी गई। इसके लिए मुहिम चलाने की बात कही गई। इस दौरान गंडई प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद नामदेव, संरक्षक हरिशंकर साहू, सचिव रोहित देवांगन, उपाध्यक्ष सुखनंदन चतुर्वेदी, महामंत्री रत्नेश कुलदीप, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर साहू, उपकोषाध्यक्ष संजय नामदेव, सहित अन्य पदाधिकारी जिसमें अवधेश मिश्रा, ओमकार साहू, दामोदर वैष्णव एवं अन्य लोग शामिल रहे थे इसी प्रकार प्रेस क्लब में आये हुए अतिथियों में हबीब खान, पवन अग्रवाल, ज्ञानचंद जैन, राकेश ताम्रकर, भरत नामदेव, भुनेश्वर साहू, चुम्मन वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे थे।

रॉयल किड्स कान्वेंट में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

75 वर्षों में देश ने उत्तरोत्तर वृद्धि की- अशोक चौधरी

राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कान्वेंट के प्रांगण में गणतंत्र दिवस के अवसर पर वाईस प्रेसीडेंट अशोक चौधरी, गुरमुख दास वाधवा एवं एडमिनिस्टेऊटर संजय बहादुर सिंह के विशेष आतिथ्य में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

वाईस प्रेसीडेंट अशोक चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर देश के खातिर प्राण उत्सर्ग करने वाले उन शहीदों के तैलचित्र को पुष्पांजली देकर नमन किया और 1 मिनट का मौन रखकर शाला के आर्शीवादक श्री लाल शंकर बहादुर एवं संस्थापक श्री डॉ जयंत बहादुर सिंह को याद किया गया। फिर अशोक चौधरी ने अपने वकतव्य में 75 वर्षों में हुई देश में उत्तरोत्तर वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश ने समय-समय पर अलग अलग प्रधानमंत्रियो के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति की-कल कारखानों का विकास, बैकों का राष्ट्रीयकरण, सुपर कम्प्यूटर का विकास, परमाणु ऊर्जा का विकास, अंतरिक्ष अनुसंधान, चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कोविड का सामना, रक्षा क्षेत्र, चंद्रयान-3 मिशन, ब्रम्होस मिसाईल निर्माण आदि का अपने भाषण में जिक्र करते हुए बच्चों का ज्ञानवर्धन किया और शिक्षकों से कहा कि बच्चों को हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम के बलिदान के बारे में बतायें और देश के गणतंत्र के बारे में विस्तृत रूप से समझाए ताकि वे आगे देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण रूप से समर्पित होकर कर सके। और उन्होने बच्चो को समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जिससे उन्हें देश-विदेश की जानकारियां प्राप्त होती रहे और उन्हें यह ज्ञात हो कि हमारा देश विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर हो चुका है। एडमिस्ट्रेटर संजय बहादुर सिंह ने बच्चों को गणतंत्र की बधाई दी। तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा कविता पाठ, भाषण, ड्रील, नृत्य नाटिका, देश भक्ति गीत एवं नृत्य ने सभी दर्शकदीर्घा का मन मोह लिया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन पर आधारित नाटक का बच्चों द्वारा मंचन किया गया और चारवी चंद्राकर द्वारा चन्द्रशेखर आजाद पर आधारित ओजपूर्ण कविता प्रस्तुत की गई। अब इसी कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति कविता, भाषण एवं नृत्य की आर्कषक प्रस्तुति दी गई। 75वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर शाला की प्रेसीडेंट डॉ सविता जेबी सिंह एवं शाला परिवार ने छात्रवृंद को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं दी।

समृद्ध गणतंत्र की बुनियाद में बलिदान का इतिहास है-नीरज बाजपेयी

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं शिक्षाविद नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, एक्गजिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या अंजु मजहान विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारत माता के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से हुआ। शाला प्रबंधन पदाधिकारियों के हाथों ध्वजारोहण हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी ने कहा कि गणतंत्र की अमरता का रहस्य देश के प्रत्येक नागरिक के बीच आपसी सामंजस्य एवं एक-दूसरे के प्रति सौहार्द्र में छिपा है। अपन `अधिकारों का उपयोग करते हुए औरों के अधिकारों के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए ही हम देश की आज़ादी को अक्षुण्ण बनाए रख सकते हैं।

एग्जीक्यूटीव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारा गणतंत्र हमें यही संदेश देता है कि हम एक दूसरे के अधिकारों को सम्मान देते हुए आपसी भाईचारे के साथ रहें। संस्था प्राचार्या ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र इस देश की विशिष्ट पहचान है। इसतंत्र में हमस्वयं की उन्नति करते हुए राष्ट्र को प्रगति की दिशा में ले जा सकते हैं। कार्यक्रम में संस्था के विद्यार्थियों ने समूहनृत्य एवं गीतों की सिलसिले वार प्रस्तुति दी।

छात्रा नेहा अग्रवाल एवं वैष्णवी ठाकुर ने प्रभावी भाषण दिए। संगीत शिक्षक शरद मेश्राम व डोमेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव एवं सुश्री भारती मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान्न वितरण से हुआ। इसके पश्चात टीचर्स इलेवन व स्टूडेन्टस् इलेवन के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। जिसका सभी ने भरपूर लुत्फ उठाया।

30 को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव 27 जनवरी। राज्य शासन के निर्देशानुसार गांधी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 30 जनवरी दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विकसित भारत /2047 के अंतर्गत नुक्कड नाटक का मंचन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के मार्गदर्शन एवं रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष यूनुस रजा बेग के निर्देशानुसार स्नातकोत्तर रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा भारत के नीति आयोग की योजना विकसित भारत/2047 के प्रचार प्रसार हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेडेसरा में एक नुक्कड नाटक का मंचन किया गया।

नुक्कड नाटक में इस योजना के विभिन्न दृश्यगत क्षेत्रों जैसे बालिका शिक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, सड़क सुरक्षा, तकनीकी का जीवन मे उपयोग, पर्यटन उद्योग में सम्भावना, कृषि आधारित उद्योगों का महत्व पर मुख्यतया बल दिया गयास नुक्कड नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत/2047 के शुभारंभ के अवसर पर दिए गए भाषण के मुख्य बिंदुओं को भी विद्यालय के बच्चों के समक्ष रखा गया। नाटक के अंत मे विद्यालय के स्टाफ एव विद्यार्थियों को विकसित भारत/2047 की शपथ दिलायी गईस नाटक की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन रसायन शास्त्र के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.अश्वनी कुमार शर्मा द्वारा विकसित भारत/2047 के अंतर्गत कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए नई शिक्षा नीति 2020 पर एक पावर पॉइंट प्रस्तुति दी गई। इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य दीपक सिंह ठाकुर एवं विद्यालय स्टाफ के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान रसायन शास्त्र विभाग के लिकेश्वर सिन्हा ने मंच संचालन एवं सहायक प्राध्यापक सुश्री वंदना मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक होगा कि विकसितभारत/2047 के लिए प्रत्येक भारतवासी अपना सुझाव दे सकता है।

इसके लिए वेबसाइट या मोबाइल एप्प का उपयोग किया जा सकता है। अपना सुझाव देने के लिए महाविद्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

पं. तुलसीप्रसाद मिश्र स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

कुमरदा (दावा)। पं. तुल्सीप्रसाद मिश्र हायरसेकंडरी स्कूल चिरचारीकला में में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम शर्मा, प्रहलाद मिश्रा , पूनाराम सिन्हा, एस.बी.उर्वशा प्राचार्य, भूषण दास वाडेकर संकुल समन्वयक, नरेन्द्र दमोहे उपसरपंच, जगदीश चंद्रवंशी, हिरदे राम सिन्हा, धर्मेन्द्र साहू, झन्नालाल बसु, लक्ष्मन दमोहे, भगवान दास कोसरे, मनहरण लाल पिथौरा व्याख्याता, महेश्वरी मैडम आदि ने माँ सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजली एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मोटीवेशनल पुनाराम सिन्हा ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं।

हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने समूह गान व नृत्य सहित विभिन्न देश भक्ति गीतों पर एकल व सामूहिक डांस प्रस्तुत किया। छोटे व बड़े बच्चों ने अपने मनमोहक नृत्य व अदा से सबको मोहित किया। दर्शकों ने भी होनहारों की अदाकारी को जमकर सराहा। वहीं कार्यक्रम के दौरान शहीदों की स्मृति में प्रस्तुत गीत व नृत्य को देखकर दर्शक भावुक भी हुए। विद्यालय द्वारा शालेय खेलकूद में उत्कृष्ट परिणाम देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरेश शुक्ला, हीरालाल गजभिये, गज्जुराम कन्नोजे, महेश पडोती, अनिल साहू, श्रीमती सविता सलामें, संतोष निर्मलकर, देवेन्द्र साहू, श्रीमती तेजस्वी साहू, श्रीमती जया कँवर, श्रीमती लता साहू, भुनेश्वर सेन, एकलव्य साहू, धर्मेन्द्र मंडले, दशरथ मंडले, पार्वती सिन्हा, अनिता गन्धर्व सहित आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक आशाराम नेताम ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

मोहला (दावा)। 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस समारोह जिले में समारोह पूर्वक उत्साह के साथ गरिमामय पूर्वक मनाया गया। विधायक आशाराम नेताम ने मिनी स्टेडियम मोहला में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर आसमान में उड़ाये।

उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये। मुख्य अतिथि श्री नेताम ने ध्वजारोहण पश्चात समारोह में परेड का निरीक्षण किया। परेड द्वारा हर्ष फायर कर राष्ट्रपति की जयकारा किया गया। परेड द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दी गई।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशंसनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई। मुख्य अतिथि श्री नेताम ने शहीद जवानों के परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर एस.जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस समारोह में आईटीबीपी, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, एनसीसी पुरूष, एनसीसी महिला, स्काउट गाईड शामिल हुए। कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नागरिकगणों ने खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान के लिए सी बी एस ई इंग्लिश मिडियम स्कूल मोहला को द्वितीय स्थान के लिए कस्तूरबा गाँधी बालिका आवसीय विद्यालय को एवं तृतीय स्थान के लिए पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास मोहला को पुरुस्कृत किया गया। सांत्वना पुरस्कार के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम मोहला को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

मृतक परिवारों को खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने दिए चार चार लाख रुपए का चेक

खुज्जी (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बोईरडीह स्थित एक पुल पर दो मोटर साइकिलों के भिंडत में चार युवाओं की हुई थी मृत्यु। बीते कुछ माह पूर्व सड़क दुर्घटना में ग्राम बोईरडीह एवं पांडे टोला के मृतक परिवार जनों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत व खुज्जी विधानसभा पूर्व विधायक भोलाराम के नेतृत्व में मृतकों के परिवार जनों ने मुख्यमंत्री से किया था। जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चारों मृतक परिवार जनों को चार चार लाख रुपए देने की घोषणा की गई। उनकी स्वीकृत राशि को खुज्जी विधानसभा विधायक भोला राम साहू ने चारों मृतकों के परिवार जनों को चार चार लाख रुपए की चेक राशि को प्रदान किया और परिवारजनों ने विधायक भोलाराम साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया।

रामाटोला महाविद्यालय मे एड्स दिवस पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व एड्स दिवस पर वी. रा. अ. बा. लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. विषय विशेषज्ञ के रूप मे डॉ झरना अग्रवाल शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाटोला का पुष्प गुच्छभेट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गए। डॉ द्वारा एड्स एच. आई. वी. पर विस्तार पूर्वक जानकारी गई। एच आई वी से बचने के उपाय बताये गए।

व्याख्यान के माध्यम से बताया गया कि,बीमारी से ग्रसित व्यक्ति से घृणा न करें। बल्कि सहानुभूति रखने की बात कही गई. इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिनमे रंगोली, पेंटिंग, भाषण, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। मंच का सफल संचालन डॉ मनोज कुमार रंगारी ने किया. प्राचार्य प्रो. टी. ठाकुर द्वारा डॉ झरना मैडम को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर डॉ ए. के. सिन्हा, प्रो. आर. राम, डॉ संगीता रंगारी. कुलेश मंडावी, सी. लिखार, महेश दास साहू, जीतू वर्मा, अलख एवं बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नये मतदाता हुए सम्मानित

डोंगरगांव (दावा)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील स्तरीय मतदाता दिवस का आयोजन जनपद पंचायत डोंगरगांव के सभाकक्ष में आयोजित किया गया.

इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव ए.के. पुसाम, तहसीलदार डोंगरगांव पी.एल. नाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव एन.के.मसियारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव आर.एल. पात्रे ने सभा को संबोधित किया और नये मतदाताओं को सम्मानित किया गया. आयोजन के दौरान प्रश्न मंच आयोजित कर मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया.

मतदाता जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई. मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने, विलोपन और संशोधन कराए जाने की प्रक्रिया के बारे में तथा वोटर हेल्पलाइन एप की उपयोगिता के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स गजेन्द्र हरिहारनो के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई.

झेरिया यादव समाज की नगर इकाई को मिला महानगर इकाई का दर्जा

राजनांदगाव (दावा)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के राजनांदगाव नगर इकाई को महानगर इकाई का दर्जा मिल गया है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने नगर इकाई के पदाधिकारियों को इस आशय की जानकारी देते हुए इस नयी जिम्मेदारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी तथा समाज के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने निर्देशित किया। नगर इकाई के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष से उनके भिलाई स्थित निवास पर सौजन्य भेट कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विश्वास दिलाया कि महानगर इकाई प्रदेश कार्यकारिणी के दिशानिर्देशन में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के संविधान के अनुरूप कार्य करेगी तथा समाज के उत्थान के लिए तत्पर रहेगी। महानगर इकाई के अध्यक्ष गरीबाराम यादव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही बैठक आयोजित कर महानगर की कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा जसमें समाज के वरिष्ठ सदस्यों के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं को भी शामिल किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष से भेट करने वालों में अध्यक्ष गरीबाराम यादव, महामंत्री सुदेश यादव एवं कृष्णा यादव, सचिव पूनाराम यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमन यादव, संतोष यादव, सलाहकार महेश यादव आदि शामिल थे।

गायत्री विद्यापीठ में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा पर विविध आयोजनों की रही धूम

राजनांदगांव(दावा)। गायत्री विद्यापीठ में अयोध्या में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पांच दिवसीय राममय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन में रामलीला से लेकर पतंग उत्सव, नृत्य स्पर्धा, भजन प्रतियोगिता, आरती गीत प्रतियोगिता, मॉम एण्ड भी प्रतियोगिता, श्री रामलला शोभायात्रा जैसे अनेक कार्यक्रमों प्रमुख रहे। उपरोक्त धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन के चलते विद्यालय प्रांगण पवित्र धाम अयोध्या नगरी बना रहा।

इस दौरान भगवान श्रीराम जी की शोभायात्रा का नगर भ्रमण आकर्षक रहा। लोग शोभायात्रा में श्रीराम, सीता, हनुमान जी के रुप धरे विद्यार्थियों की पूजा अर्चना भी की गई। इस दौरान जय-जय श्रीराम के नारे वातावरण में गुंजायमान होते रहे। विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम जन्मभूमि पर भाषण, गीत, नृत्य नाटक, रामलीला, कत्थक नृत्य-तराने आदि एक से बढ़कर एक रोचक एवं भक्तिमय कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर द्वारा विशेष उद्बोधन दिया गया जिसमें उन्होंने अयोध्या में श्रीराम लला की स्थापना को सभी के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवमयी क्षण बताया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों के अलावा नृत्य शिक्षिका भारती यादव, संगीत शिक्षक ,दिनेश साहू, प्रशांत कुशवाहा, विमल शर्मा, यादडास साहू आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, प्रशासक अनिल वाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, व स्कूल की शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा बड़ी संख्या में पालक गण व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रुप से श्रीमती उषा झा सीमा गायधने वसुधा लड्ढा व सोनल राणा द्वारा किया गया।

गणतन्त्र दिवस की ७५ वीं वर्षगांठ कीसमस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें ...

www.123freevectors.com

संकलनकर्ता:- हरीशंकर साहू, संवाददाता गंडई

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com